जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 190- ● जबलपुर ● बुधवार, 10 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण मास शुक्ल पक्ष-13 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

### सीएम शिवराज की पाठशाला

## माडल स्कूल में बच्चों की क्लास लगाई, तिरंगे का महत्व बताया



**भोपाल, यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में देशभर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इस दिशा में लगातार सक्रिय रहते हुएतिरंगा अभियान की समीक्षा कर रहे हैं और प्रदेशवासियों से 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील भी कर रहे हैं। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री शिवराज आज राजधानी के टीटी नगर में स्थित आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (माडल स्कूल) में पहुंचकर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का इतिहास पढ़ाया। सीएम शिवराज माडल स्कूल पहुंचे और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार सुबह मॉडल स्कूल में बच्चों की क्लास ली। इस दौरान बच्चों को उन्होंने तिरंगा के इतिहास के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान सीएम स्टूडेंट्स से राष्ट्रीय ध्वज की विकास गाथा, महत्व और ध्वज फहराने की सावधानियों के विषय में संवाद किया। शिवराज तिरंगे की कहानी रोचक और सरल भाषा में सुनाई। हर घर तिरंगा फहराने के उद्देश्य भी बताए। स्कूल की क्लास में बच्चों को बताया जाएगा कि तिरंगा झंडा राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है और भारत का गौरव है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि तक्षशिला जैसे विद्यालय रहे जहां पर विदेश से लोग आते थे। भारत के ग्रंथ दुनिया के कई देशों में गए। हम राज्यों में उस समय अलग-अलग बंटे थे लेकिन सांस्कृतिक रूप से हम एक थे। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ का उदय हुआ, लेकिन भारत में लाखों साल पहले कह दिया था यह मेरा है यह तेरा यह छोटे दिल वालों का होता है।

**हर घर तिरंगा फहराने के उद्देश्य भी बताए**

## अनाथ बच्चों को दो हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता देगी मप्र सरकार

**भोपाल ,यशभारत।** शिवराज सरकार अनाथ बच्चों को दो हजार रुपये प्रतिमाह आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी। इसके लिए पात्र वही बच्चे होंगे, जिनके माता-पिता का निधन हो गया है और जो अपने रिश्तेदार या संरक्षकों के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इसी तरह किशोर न्यायालय अधिनियम के अंतर्गत संचालित बाल देख-रेख संस्थाओं (बालगृह) को छोड़ने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं को भी आर्थिक सहायता दी जाएगी। इन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना लागू की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने योजना का प्रस्ताव तैयार कर लिया है, जिस पर अंतिम निर्णय बुधवार को प्रस्तावित कैबिनेट में लिया जाएगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के स्थानीय निवासी परिवार के 18 वर्ष से कम आयु के अनाथ बच्चों को आर्थिक सहायता प्रतिमाह दी जाएगी। यह राशि बच्चे एवं उसके रिश्तेदार या संरक्षक के संयुक्त खाते में जमा होगी। योजना में शामिल होने वाले सभी बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी या जिला बाल संरक्षण अधिकारी, ऐसे परिवारों की पहचान करेंगे। बाल कल्याण समिति द्वारा इन्हें जरूरतमंद बालक घोषित किया जाएगा। बाल आशीर्वाद पोर्टल पर इनसे आवेदन कराया जाएगा। इसी तरह बालगृह के अधीक्षक या प्रबंधक अपने यहां 17 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों को चिन्हित करके कार्ययोजना तैयार करेंगे। इन्हें योग्यता के आधार पर औद्योगिक संस्थान, प्रतिष्ठान या संस्थाओं में प्रशिक्षण दिलाकर उसी संस्था में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।



## आज 8वीं बार सीएम पद की शपथ लेंगे नीतीश कुमार

### 7 पार्टियों के 164 विधायक, महागठबंधन सरकार के खिलाफ भाजपा का महाधरना

**पटन एजेंसी।** बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार की एक और पलटी चर्चा का विषय बनी हुई है। नीतीश कुमार ने नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस से अलग होकर राष्ट्रीय जनता दल से हाथ मिलाया है। दिल्ली की राजनीति में भी खास जगह रखने वाले बिहार में यह घटनाक्रम अचानक हुआ नहीं दिख रहा है। कहा जा रहा है कि जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रीय जनता दल के बीच नजदीकियां बीते कुछ समय से बढ़ती देखी जा रही थीं।आज का दिन भी अहम है, क्योंकि भाजपा का साथ छोड़कर महागठबंधन का दामन थामने के बाद नीतीश कुमार एक बार फिर मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। नीतीश कुमार का शपथ ग्रहण दोपहर में होगा। उनके साथ उपमुख्यमंत्री भी शपथ लेंगे। लालू यादव के बेटे तेजस्वी को डिप्टी सीएम की शपथ दिलाई जाएगी। वहीं भाजपा ने आज नीतीश कुमार की धोखाधड़ी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है। भाजपा ने इसे जनादेश का अपमान बताया। भाजपा प्रदेश कार्यालय के सामने महाधरना का आयोजन किया जा रहा है। सीएम नीतीश कुमार ने राज्यपाल को 7 पार्टियों के 164 विधायकों के समर्थन की चिट्ठी सौंपी।

**2020 चुनाव से बदले हालात; मिल रहे थे 4 संकेत**

एक अंग्रेजी दैनिक की रिपोर्ट के अनुसार, 2020 बिहार विधानसभा चुनाव के बाद कुछ बदलता दिख हा था। विधानसभा पर नजर रखने वालों को सीएम कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव में कुछ अलग नजर आ रहा था। खास बात है कि बीते साल विधानसभा में दोनों के बीच तकरार देखने को मिली, लेकिन नीतीश ने आगे किसी बहस से बचने का फैसला किया।बीते साल नीतीश राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने दिल्ली पहुंचे थे। 10 दलों के प्रतिनिधिमंडल के अलावा उनके साथ तेजस्वी भी थे। उस दौरान राजधानी में दोनों नेताओं के बीच सौहार्द देखने मिला। पत्रकारों से बातचीत के दौरान भी वह नीतीश के साथ रहे और सीएम ने उन्हें बोलने का भी मौका।

## देवरानी-जेठानी संग युवक ने लगाई कुएं में छलांग

### दोनों महिलाओं की मौत

**छिंदवाड़ा, यशभारत।** जिले के थाना लावाघोघरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परासिया बैतूल गांव में एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया। दो महिलाओं (रिश्ते में देवरानी और जेठानी) ने एक युवक के साथ कुएं में छलांग लगा दी। इस घटना में दोनों महिलाओं की कुएं में डूबने से मौत हो गई, लेकिन जिस युवक के साथ दोनों महिलाएं कुएं में कूदी थी उस युवक की जान बच गई और वह कुंए से बाहर निकल गया। यह वाकया मंगलवार का बताया जा रहा है। परासिया बैतूल गांव के कोटवार ने लावाघोघरी पुलिस को सूचना दी थी कि गांव के कुएं में दो महिलाओं के शव तैर रहे हैं, जिसके बाद टीआइ अमित कोरी मौके पर पहुंचे और उन्होंने शवों को बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए पहुंचा दिया। दोनों महिलाओं की शिनाख्त सुशीला पति हरीश कोराची और उसकी देवरानी श्यामा पति नरेश कोराची के रूप में की गई। कुएं में कूदने वाली दोनों ही महिलाएं सगी देवरानी जेठानी हैं। पुलिस ने पड़ताल की तो पता चला कि एक युवक भी कुएं में कूदा था। दोनों के साथ कुएं में कूदे युवक का नाम स्वामी परतेती है। बताया जा रहा है कि श्यामा कोराची का स्वामी परतेती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और पिछले चार दिनों से मृतका देवरानी और जेठानी अपने गांव सोन पठार से गायब थीं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिरकार दोनों महिलाएं स्वामी परतेती के साथ उसके जीजा के गांव परासिया बैतूल तक कैसे पहुंची।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए खुशखबरी

## रेल किराए में दोबारा छूट देने की तैयारी में सरकार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** रेल किराए में वरिष्ठ नागरिकों को दोबारा छूट देने की तैयारी है। संसद की एक स्थायी समिति ने ट्रेन के एसी-3 और स्लीपर श्रेणी के किराए में वरिष्ठ नागरिकों को रियायत देने पर विचार करने का सुझाव दिया है। समिति ने कहा कि लगभग ढाई साल पहले कोविड महामारी के दौरान वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न श्रेणियों में खत्म की गई रियायतों की पुन:समीक्षा की जानी चाहिए। रेल संबंधी संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष राधा मोहन सिंह ने हाल में संसद में पेश रिपोर्ट में यह उल्लेख किया है। समिति ने कहा, रेलवे ने महामारी और कोविड प्रोटोकॉल के मद्देनजर वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न श्रेणी में दी जाने वाली रियायत बंद कर दी थी। इसमें 58 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को रेल किराये में 50 फीसदी और 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के पुरुषों को 40 फीसदी रियायत



दी जाती थी। समिति ने कहा कि रेलवे अब सामन्य स्थिति की ओर आगे बढ़रही है, इसलिए उन्हें विभिन्न श्रेणियों में दी जाने वाली रियायतों पर विवेकपूर्ण विचार करना चाहिए। समिति चाहती है कि कोविड से पूर्व वरिष्ठ नागरिकों को दी जा रही रियायत की समीक्षा की जाए और कम से कम स्लीपर, एसी-3 में तत्काल रियायत देने पर विचार किया जाए। रेलवे कोरोना महामारी से पूर्व में 54 श्रेणियों में रियायत देती थी। रेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि दिव्यांग की चार श्रेणी, रोगियों व छात्रों सहित कुल 11 श्रेणी में रेल में रियायत शुरू की गई है, लेकिन वरिष्ठ नागरिकों को फिलहाल छूट देने का विचार नहीं है। विदित हो कि रेलवे 50 से अधिक श्रेणी में 10 से लेकर 100 फीसदी तक रेल किराये में रियायत देता है।

**इन श्रेणियों में थी छूट**

रेलवे प्रधानमंत्री-राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त, वरिष्ठ नागरिक, खिलाड़ी, कलाकार, विधवा, विद्यार्थी, मूक-बधिर, नेत्रहीन, विकलांग, मानसिक रोगी, अपंग यात्री, खिलाड़ी, कलाकार, फिल्म तकनीशियन, आतंकवाद से ल?ते हुए मारे गए पुलिस, सेना, अर्धसैनिक बल के जवानों की विधवाओं आदि को रियायत देती थी।



## पुलवामा में 25-30 किलोग्राम आईईडी बरामद

**जम्मू ,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में बुधवार को पुलिस और सुरक्षा बलों ने स्वतंत्रता दिवस से पहले एक बड़े हमले की साजिश को नाकाम कर दिया। सुरक्षा बलों ने शहर में सर्कुलर रोड पर तहाब क्रॉसिंग के पास 25-30 किग्रा आईडीडी बरामद कर लिया। एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया, च्ज्पुलवामा पुलिस को मिली गोपनीय जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस और सुरक्षा बलों ने बड़े हमले की साजिश को नाकाम कर दिया। उन्होंने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। आईईडी को यहां तक पहुंचाने वाले और यहां से आईईडी उठाने के लिए आने वालों की तलाश की जा रही है। हर आने-जाने वाले वाहन की जांच की जा रही है। इससे पहले मंगलवार को उत्तर प्रदेश में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने भी आजमगढ़ के मुबारकपुर से इस्लामिक स्टेट के एक आतंकी को गिरफ्तार किया था। आतंकी स्वतंत्रता दिवस पर आईईडी धमाके की योजना बना रहा था। आरोपी सहाबुद्दीन के खिलाफ लखनऊ में आईपीसी की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस बीच सुरक्षा बलों ने ऊधमपुर-कटरा रेलवे लिंक और ऊधमपुर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ा दी है। स्वतंत्रता दिवस से पहले स्पेशल डॉग स्काएड, जीआरपी और आरपीएफ के जवानों को तैनात कर दिया गया है। यात्रियों की तलाशी और उनसे पूछताछ की जा रही है। बडगाम में सुरक्षा बलों-आतंकियों के बीच मुठभेड़ , राहुत भट के कातिल लतीफ समेत तीन घिरे बडगाम में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच बुधवार तड़के मुठभेड़ शुरू हुई। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार पुलिस और सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभाला हुआ है। आतंकियों में कुख्यात आतंकी लतीफ रेदर भी है, जिसने घाटी में कई लोगों की हत्या की है।

**स्वतंत्रता दिवस से पहले बड़ी साजिश नाकाम**

### इश्क में नाबालिग का जानलेवा कदम

## लड़की ने प्यार जताने को लिया IV-संक्रमित बॉयफ्रेंड का खून

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया भर में प्यार जताने के अलग-अलग तरीके प्रचलित हैं। लेकिन असम की एक लड़की ने अपने प्यार को सच्चा साबित करने के लिए बिलकुल अलहदा तरीका अपनाया। उसने अपने HIV पॉजिटिव बॉयफ्रेंड का संक्रमित खून अपने नस में डाल लिया।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लड़की भी अपने बॉयफ्रेंड की तरह HIV संक्रमित होना चाहती थी। प्यार में जान से खेलने वाली इस लड़की की उम्र अभी मात्र 15 साल है। जबकि उसका बॉयफ्रेंड बालिग है। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने लड़की की जान को खतरे में डालने के लिए बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार कर लिया है। लड़की को फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।असम के सुआलकुची की रहने वाली लड़की तीन साल पहले फेसबुक के माध्यम से आरोपी लड़के के संपर्क में आई थी। दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे। बाद में लड़की को जानकारी मिली कि उसका बॉयफ्रेंड HIV पॉजिटिव है। लेकिन इसके बावजूद लड़की ने उसका साथ नहीं छोड़ा।

## पार्क प्रभारी का हार्ट कमजोर होने से लोकायुक्त ने नहीं मारा छापा

**इंदौर, एजेंसी।** लोकायुक्त पुलिस ने इंदौर नगर निगम के सहायक यंत्री और रीजनल पार्क के प्रभारी देवानंद पाटिल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया है। आमतौर में ऐसी कार्रवाई में लोकायुक्त छापा मार कार्रवाई करता है लेकिन पाटिल का स्वास्थ्य खराब होने से ऐसा नहीं किया गया है। पाटिल के हार्ट में दिक्कत है और वह केवल 40 प्रतिशत काम कर रहा है। मेडिकल जांच में इसकी पुष्टि होने पर उसके यहां छापा नहीं मारा गया और सीधे केस दर्ज कर लिया गया। एसपी सव्यसाची सराफ के अनुसार निगम के सहायक यंत्री के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच की गई है। इसमें यह सामने आया कि उसके पास बड़ी संख्या में चल-अचल संपत्ति है। उसके बारे में पता किया तो यह जानकारी मिली कि वह तीन माह से अवकाश पर है।

**केस दर्ज किया**

## वनकर्मियों की लकड़ी चोरों से मुठभेड़

### गोली लगने से एक चोर की मौत

**विदिशा ,यशभारत।** जिले के लटेरी वन क्षेत्र में मंगलवार की देर रात वन विभाग के गश्ती दल और लकड़ी चोरों में मुठभेड़ हो गई! जिसमें वन विभाग की ओर से की फायरिंग के दौरान एक लकड़ी चोर की गोली लगने से मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। लटेरी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात में वन विभाग का गश्ती दल खड्यापुरा क्षेत्र में गश्त कर रहा था। इसी दौरान चार मोटर साइकिलों पर आठ लोग लकड़ी ले जाते हुए दिखाई दिए। वन विभाग की टीम ने जब लकड़ी चोरों को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पथराव शुरू कर दिया। इसी दौरान बचाव के लिए वन विभाग के दल ने फायरिंग की, जिसमें एक लकड़ी



चोर चैन सिंह निवासी रायपुरा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। तीन अन्य लोग घायल हो गए। शेष चार आरोपित भागने में कामयाब रहे। पुलिस के अनुसार तीनों घायलों को विदिशा जिला अस्पताल भेजा गया है।

## नेशनल हेराल्ड की तीन सौ करोड़ की संपत्ति जब्त कर सकती है मध्य प्रदेश सरकार

### जिन अधिकारियों के कार्यकाल में हुई गड़बड़ी, उनकी भूमिका जांचेंगे

**भोपाल यशभारत।** नेशनल हेराल्ड की भोपाल के महाराणा प्रताप नगर स्थित तीन सौ करोड़ रुपये की संपत्ति को मध्य प्रदेश सरकार जब्त कर सकती है। यह संपत्ति नेशनल हेराल्ड अखबार के प्रकाशन के लिए तीस साल की लीज पर दी गई थी। इसमें शर्त थी कि इस एक एकड़ भूमि का उपयोग दूसरे कार्य के लिए नहीं किया जा सकता है लेकिन इसे बेच दिया गया। भोपाल विकास प्राधिकरण ने लीज की शर्त का उल्लंघन करने पर इसका नवीनीकरण न करते हुए इसे निरस्त करने की कार्यवाही की थी, लेकिन मामला न्यायालय पहुंच गया।



सरकार ने इस मामले में कानूनी पहलुओं का परीक्षण कराया तो यह बात सामने आई है कि न्यायालय ने संपत्ति की जब्ती पर कोई रोक नहीं लगाई है। इसे देखते हुए संपत्ति को जब्त करने पर विचार किया जा रहा है। मध्य प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने प्रमुख सचिव को जांच करने के निर्देश भी दिए हैं। 1981 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने एक लाख रुपये में एक एकड़ भूमि 30 साल की लीज पर आवंटित की थी। भूमि समाचार पत्र के प्रकाशन के लिए दी गई थी। नियमानुसार इसका वाणिज्यिक उपयोग नहीं किया जा सकता है, लेकिन यहां भूमि का दुरुपयोग हुआ। भूमि कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बेच दी गई। वर्ष 2011 में जब लीज नवीनीकरण का आवेदन भोपाल विकास प्राधिकरण के सामने आया तो शर्तों के उल्लंघन का मामला पाते हुए लीज को निरस्त करने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। इसके विरोध में नेशनल हेराल्ड का प्रबंधन न्यायालय पहुंच गया। इसके साथ ही दुकानदारों ने भी याचिका दायर कर दी। मामला भोपाल जिला न्यायालय में विचाराधीन है।

### रक्षाबंधन की शुभकामनाएं

भाई बहन के स्नेह और प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन के पावन पर्व पर यशभारत परिवार की ओर से सुधि पाठकों, अभिकर्ताओं, समाचार पत्र विक्रेताओं, एजेंटों और शुभचिंतकों को शुभकामनाएं।

**संपादक**

### अवकाश सूचना

राखी के पावन पर यशभारत कार्यालय में 11 एवं 12 अगस्त को अवकाश रहेगा। अगला अंक 13 अगस्त को प्रकाशित होगा।

**प्रबंधक**

## रंग-बिरंगी राखियों से सज गया बाजार, महंगाई से बहनें परेशान

# पिछले साल से 20 प्रतिशत बढ़े दाम

**जबलपुर,यशभारत।** भाई -बहन के त्योहार रक्षाबंधन के पहले राखियों से बाजार गुलजार हो गए हैं। हर तरफ राखी,रूमाल और महिलाओं के श्रृंगार से दुकाने भरी हुई है। इस बार महंगाई ने बहनों को परेशान कर दिया है। पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत तक राखियों के दाम बढ़ गए है। सामान्य राखी 30 रुपये और फैंसी राखी 80 से 250 रुपये के बीच मिल रही है। अपने भाइयों के लिए राखियां लेने पहुंच रही युवतियांऔर महिलाएं महंगाई की वजह से अपने खरीददारी में थोड़ा बजट का ख्याल रख रही है। इस बार महादेव कट और ब्लेसलेट राखी की डिमांड बनी हुई है। वहीं बच्चों के लिए तरह-तरह की रंग-बिरंगी राखियां मिल रही है।

शहर के गंजीपुरा, फुहारा, और लार्डगंज क्षेत्र में राखी विक्रय का मुख्य बाजार है। जहां इन दिनों फुटपाथ पर ढेरों दुकानें रंग-बिरंगी राखियों से सजी है। लार्डगंज में दुकान लगाने वाले राहुल जैन ने बताया कि बाजार में राखियों की वैरायटी भरपूर है, लेकिन सावन में महादेव कट के लिए बहनों में पसंद अधिक है। इसके अलावा ब्लेसलेट राखी की भी बहिनों में मांग है। इसके अलावा बच्चों के लिए चकरी राखी के अलावा ढेरों विकल्प है। बच्चों के लिए 40 रुपये से 250 रुपये के बीच राखी बिक रही है।

हर बार की तरह राखी के बाजार में इस बार भी है बहुत कुछ नई मन लुभाने वाली डिजाइनदार राखियों सज गई है। बच्चों और बड़ों के हिसाब से तरह-तरह की रंग-बिरंगी राखियाँ हर किसी का मन मोह लेती है। बच्ची की साइट वाली इलेक्ट्रानिक राखी हरी पॉटर वाली गांधीगिरी और गणेश जी वाली राखियों के साथ ही बट्टी के लिए सूती धागे पर कड़ेगी पत्रों वाली राखी जरी जरदोजी, रेशम के धागे वाली कुंदन वाली पांच रुपए से लेकर सौ रुपए तक की राखियों से बाजार भर गए हैं। बच्चों की राखी में इस साल डोरमेन, स्पाइडरमैन के अलावा छोटा भीम, गणेश और खिलौनानुमा राखियों की वैरायटी खूब नजर आ रही है। दुकानदारों ने कहा कि बच्चों के लिए लोग खिलौने वाली राखी पंसद कर रहे हैं। वहीं महिलाओं के लिए राखी का चलन है। इसलिए महिलाओं में चड़ा राखी प्रचलन में है। इसकी कीमत भी 50 से 150 रुपये के बीच है।



### इस साल राखी पर भद्रा का साया

भाई-बहन के रिश्ते के अटूट प्रेम के प्रतीक का त्यौहार इस साल 11 अगस्त गुरुवार को मनाया जाएगा । रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। वहीं भाई भी अपनी बहन को जीवन भर रक्षा का वचन देते हैं। वहीं ज्योतिष के अनुसार इस साल राखी पर भद्रा का साया रहेगा । ज्योतिषाचार्य पं. वासुदेव शास्त्री के अनुसार इस साल पूर्णिमा 11 अगस्त को सुबह 10.30 से शुरू होगी जो कि 12 अगस्त को सुबह 07.05 पर समाप्त हो जाएगी राखी बांधने का शुभ मुहूर्त 11 अगस्त को सुबह 10.30 से रात 08.30 बजे तक रहेगा। वहीं इस साल रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहने वाला है। भद्रा पुंछ 11 अगस्त को शाम 05.17 से 06.18 तक रहेगी। वहीं भद्रा मुख शाम 06.18 से रात 08.00 तक रहेगी। भद्राकाल का समापन रात 08.51 पर होगा।

### रूमाल भी हुआ महंगा

दुकानदारों का कहना है कि पिछले साल 10 रुपये से 20 रुपये में रुमाल बिक रहे थे, लेकिन इस बार जीएसटी लगने के कारण दाम बढ़ गए है। 350 रुपये दर्जन में रूमाल की ब्रिकी कर रहे हैं। महंगाई बढ़ने की वजह से बाजार में पहले की तरह ग्राहकी नहीं है। लोग खरीददारी करने तो आ रहे हैं, लेकिन बाजार में महंगाई देखकर उनका बजट कम हो रहा है। इसी तरह चूड़ी और सजने सवरने की चींजों को लेकर भी महिलाएं खरीदारी करने खूब आ रही है। साड़ी,सूट से लेकर तरह-तरह के फैशन से जुड़े परिधान लेने के लिए उत्साह बना हुआ है।

### करोड़ों के व्यापार का अनुमान

भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के अटूट बंधन का प्रतीक रक्षाबंधन के त्योहार को लेकर घर ही नहीं बाजारों में भी विशेष तैयारी है। राखी को लेकर बाजार में ग्राहकों की भीड़ उमड़ी है। व्यापारिक क्षेत्र में रक्षाबंधन के त्योहार पर शहर के बाजारों में बूम हैं। सुबह से दिन भर बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही। बहन जहां भाई के लिए नए डिजाइन एवं फैंसी वैरायटी की राखियां खरीद रहीं है। वहीं भाई बहन को उपहार में देने के लिए साड़ी और गिफ्ट आइटम दुकानों पर भाइयों ने दिल खोलकर खरीदारी की। बाजार में फल, नारियल और मिठाइयों की दुकानों पर ग्राहकों का जमावड़ा लगा रहा।

---

भारत सरकार के शहरी विकास एवं आवास मंत्रालय से

## चौथी बार जबलपुर नगर निगम को मिला ओडीएफ++ का दर्जा

### महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए अधिकारियों को दी बधाई



जबलपुर,यशभारत। नगर निगम जबलपुर के लिए आज का दिन उपलब्धि भरा रहा है। भारत सरकार के शहरी विकास एवं आवास मंत्रालय ने नगर निगम जबलपुर को ओडीएफ++ का दर्जा देने संबंधी सर्टिफिकेट जारी किया है। इस उपलब्धि के लिए आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने सभी अधिकारियों को बधाई दी है। नगर निगम जबलपुर को यह उपलब्धि संभागायुक्त, बी. चन्द्रशेखर, कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी, एवं निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के कुशल मार्गदर्शन में हासिल हुई है। जिला एवं निगम प्रशासन ने इस ब?ी उपलब्धियों का श्रेय शहर के सम्मानीय नागरिकों को दिया है और उनके प्रति आभार भी व्यक्त किया है। ओडीएफ++ सर्टीफिकेशन के संबंध में निगमायुक्त श्री वशिष्ठ ने बताया कि शहर के सम्मानीय नागरिकों का साकारात्मक सहयोग और स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के स्वच्छता अभियान में लगे सभी अधिकारियों कर्मचारियों की मेहनत भी रंग लाई है। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान की पहली प्रतियोगी परीक्षा में नगर निगम का प्रदर्शन अव्वल रहा है। इसके लिए निगम 600 अंक प्राप्त हुए हैं।जिसके परिणाम स्वरूप शहर को चौथी बार भारत सरकार द्वारा ओडीएफ++ का दर्जा प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि इसके पहले स्वच्छता अभियान 2019, 2020,21,एवं 22 में भी जबलपुर शहर को ओडीएफ++ का दर्जा प्राप्त हो चुका है। निगमायुक्त ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ओडीएफ++ के बाद अब जबलपुर को स्वच्छता में भी अव्वल परिणाम लाने कृत संकल्पित हैं। निगमायुक्त ने शहर के सभी सम्मानीय नागरिकों से भी आग्रह किया है कि जबलपुर शहर आप सभी का अपना शहर है, शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रशासन द्वारा संचालित अभियान में अपना अमूल्य योगदान दें और साकारात्मक फीडबैक देकर शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवांवित इसी तरह करते रहें।उल्लेखनीय है कि नगर निगम जबलपुर द्वारा शहर को स्वच्छ रखने तथा प्रतियोगिता जीतने के प्रयास के लिए दिनरात कार्य किया जा रहा है। शहर के सभी कामर्शियल क्षेत्रों में नाइट स्वीपिंग भी कराई जा रही है तथा घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता संवाद एवं अन्य संदेशों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी लाई जा रही है।



---

# कुश्ती के योगदान के लिए शहर के खलीफाओं को सम्मानित किया

**जबलपुर यशभारत।** विगत दिवस स्वर्गीय गंगा प्रसाद तिवारी अखाड़े के द्वारा शिवाजी ग्राउंड सदर में तीन दिवसीय दंगल का आयोजन किया गया इस दंगल में शहर के अनेक अखाड़ों के खलीफा को कुश्ती में योगदान देने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया गंगा प्रसाद तिवारी अखाड़े के नरेश तिवारी के द्वारा शहर के बृजेंद्र पाठक फकीरचंद उस्ताद अखाड़े, किशोरी खलीफा सगड़ा व्यामशाला, संतोष यादव खलीफा खुशाल उस्ताद, अनिल खलीफा एवं राजेश खलीफा जगन्नाथ उस्ताद अखाड़ा, पहलाद श्रीवास्तव गंगा प्रसाद अखाड़ा इन सभी को साल श्रीफल नारियल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैंट बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष अभिषेक चौकसे, इंडियन स्टाइल कुश्ती संघ के महासचिव अर्जुन यादव, पूर्व पार्षद अमर चंद बावरिया, सीताराम कुचाड़्या, मनतो पहलवान दीपक रजक आदि उपस्थित रहे।



### मड़ई अखाड़े में विशाल इनामी दंगल कल

जबलपुर, यशभारत । स्व. रामजीवन उस्ताद एवं स्व कुंवार खलीफा की स्मृति में रक्षाबंधन पर 11 अगस्त दिन गुरुवार को दोपहर 2 बजे से शासकीय स्कूल मड़ई ( शिवमंदिर के पास) विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया जा रहा है। ओम सिंह सेंगर अध्यक्ष (दंगल समिति) ने सभी पहलवानों, खलीफा एवं दर्शकों से अनुरोध किया है कि सभी पधार कर दंगल की शोभा बढ़ाए ।

## कबड्डी संघ द्वारा महापौर का सम्मान 12 को

**जबलपुर यशभारत।** आगामी 12 अगस्त को शाम 4,30 बजे से कबड्डी संघ जबलपुर द्वारा स्थानीय रानीताल कबड्डी खेल परिसर पर नवनिर्वाचित महापौर श्री जगत बहादुर अनु जी का पुरजोर स्वागत सम्मान समारोह रखा गया है जिसमें महापौर जी को उनके वजन 80 किलो लड्डुओं से तौला जाएगा उक्त जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश कबड्डी संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शानू यादव ने बताया कि नवनिर्वाचित महापौर जी का जोरदार स्वागत सम्मान समारोह रखा गया है जिसमें कबड्डी संघ के सभी अध्यक्ष सचिव सभी राष्ट्रीय निर्णायक एवं सैकड़ों की तादाद में कबड्डी क्रिकेट बॉक्सिंग और अन्य खेल से जुड़े रानीताल खेल परिसर पर अभ्यास रत खिलाड़ी व कोच उपस्थित रहेंगे सभी खेल प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की गई है इस अवसर पर जबलपुर कारपोरेशन वह जबलपुर एकेडमी के बीच महिला वर्ग का इस प्रदर्शन में भी रखा गया है।

# शिव साक्षात मोक्ष का द्वार है :ब्र. चैतन्यानंद

**जबलपुर, यशभारत।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में श्रावण मास में आयोजित शिव महापुराण में आज 21000 पार्थिव शिवलिंग निर्माण उनका दुग्ध अभिषेक दिव्य श्रृंगार एवं भस्मा आरती हुई मां भगवती पीतांबरा का महादेव स्वरूप दिव्य श्रृंगार किया गया आज की कथा में पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज ने बताया कि महादेव की महिमा अपरंपार है। उनके भेद कोई जान नहीं पाया और उनका गुणगान अनेक पौराणिक शास्त्रों में किया गया है। धर्मशास्त्रों में भोलेनाथ को देवताओं में सर्वश्रेष्ठ और शीघ्र प्रसन्न होने वाला बताया है। भोलेनाथ भक्तों की थोड़ी से आराधना से प्रसन्न हो जाते हैं उनको मनचाहा वरदान देते हैं। इसलिए बुराइयों का नाश करने वाले देवता भोलेनाथ को देव, दानव, यक्ष, किन्नर, मानव आदि पूरे भक्तिभाव से पूजते हैं। अठारह पुराणों मे से दो पुराणों में भगवान शिव का महिमामंडन किया गया है। ये शिवपुराण और लिंगपुराण है। महादेव साक्षात मोक्ष का द्वार है उनकी भक्ति से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है आज शिवमहापुराण की कथा में भरत सिंह यादव मधु यादव वीके पटेल श्रीमती पदमा मैनन श्रीमती नीता पटेल मनोज सेन प्रकाश द्विवेदी आदि भक्तगण उपस्थित रहे।



### मशहूर सूफी संत हज़रत गुल बाबा के उर्स पर अनीस साबरी पेश करेंगे कव्वाली

जबलपुर यशभारत। सूफी संत बुजुर्ग हज़रत सूफी संत सैय्यद गुल बाबा अशरफ़ी का दूसरा सालाना उर्स मंडी मदार टेकरी मे मनाया जाएगा। अधिवक्ता आलमगीर अशरफ़ी ने बताया की 10 तारीख बुधवार को असर की नमाज़ बाद परचम कुशाई के साथ उर्स का आगाज होगा। रात्रि 11 बजे इमाम आली मुकाम की याद मे जिक्रे शहादतेन का एहतेमाम किया गया है11 तारीख को बाद नमाज़े मगरिब कुरानख्वानी व लंगरे आम का एहतेमाम किया गया हैं। रात्रि 10 बजे हिंदूस्थान के मशहूर कव्वाल अनिस साबरी अपने कलाम पेश करेंगे। कमेटी के हाजी अलीम चौधरी, चंगेज खान अशरफ़ी, फारुख सौदागर, शाकिर अंसारी ने तमाम अक़ीदतमंदो से शिरकत की गुजारिश की हैं।

---

## भगवती मंगल चंडी माता मंदिर में पूजन प्रसाद वितरण भंडारा

**जबलपुर, यशभारत।** भगवती मंगल चंडी माता मंदिर में मंगलवार को पंडित सतीश शुक्ला द्वारा विधि विधान से माता रानी का पूजन प्रसाद वितरण भंडारे का आयोजन किया गया । झंडा वंदन किया गया जिसमें जबलपुर से बाहर जबलपुर शहर के श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी का पूजन अर्चन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया जिसमें कांग्रेस पार्टी के साहिल यादव ,बबलू यादव , संजय कुशवाहा एवं समस्त कार्यकर्ता ने माता का पूजन अर्चन किया।



## वैदिक ब्राह्मणों का चरण प्रक्षालन कर किया पूजन

**जबलपुर यशभारत।** जमुना सभागृह गोल बाजार में श्रावन मास पर वैदिक ब्राह्मणों का पूजन अर्चन किया गया द्य नगर पंडित सभा के मुन्ना महाराज,पं.रोहित महाराज, देवेंद्र त्रिपाठी , डॉक्टर मदन गोस्वामी ,संजय गुरु ,सौरभ दुबे सहित 300 से अधिक वैदिक ब्राह्मणों का आगमन हुआ द्य तिलक वंदन कर चरण प्रक्षलंन कर सभी ने आशीर्वाद लिया द्य प्रदोष व्रत पर जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नगर पंडित सभा के साथ ग्रामीण क्षेत्र से भी वैदिक ज्योतिषचार्य, भागवतचार्य का आगमन हुआ द्य इस अवसर पर शरद अग्रवाल, डॉ.सुधीर अग्रवाल, डॉ. शिवशंकर पटेल एडवोकेट सचिन आदि उपस्थित थे ।



## प्रारंभ एसोसिएशन का शुभारंभ

**जबलपुर ,यशभारत।** दत्त रेजीडेंसी में प्रारंभ एसोसिएशन का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य आतिथ्य के रूप में सुश्री नीलम चंसोरिया (सेक्रेटरी जबलपुर वॉलीबॉल ) उपस्थित थी,एसोसिएशन का मुख उद्देश्य महिलाओं के हक के लिए लड़ना, उनमें जागरूकता पैदा करना एवम गरीबों की मदत करना हैं,जिसका एसोसियेशन के हर सदस्य ने प्रण लिया,इस शुभारंभ में महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया,जिसका पूर्ण सदस्यों ने आनंद लिया । नीलम चंसोरिया ने अपने उद्बोधन में कहा की यह शायद जबलपुर का पहला संगठन होगा जो हर वर्ग के लिए काम करेगा, मैं हमेशा इनके साथ हूं और इस एसोसिएशन की जमकर तारीफ की ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से शबनम आलम,ईशा सीडान,रिदिमा लूथरा उपस्थित थे ।




### मौसम के अजब गजब मिजाज

# मंडरा रहे बादल बरसे, फिर निकली धूप

**जबलपुर, यशभारत।** मौसम के अजब गजब मिजाज हैरान कर रहा है। आज सुबह अचानक बादल बरस पड़े और सुबह रुक रुक कर तेज बारिश हुई। उसके बाद फिर थम गई और फिर धूप निकल आई। वैसे मंगलवार कर शाम से ही मद्धम हवाएं खुशनुमा मौसम का अहसास कराती रहीं। बादलों की आवाजाही बनी रही और आज सुबह साढ़े नौ बजे हल्की वर्षा शुरू हुई। इससे मौसम का मिजाज बदल गया। मौसम विभाग का कहना है, आगामी दो दिनों तक जबलपुर सहित संभाग के जिलों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वर्तमान में तटीय ओडिशा के पास अतिनिम्न दाब क्षेत्र भुवनेश्वर से 85 किमी पश्चिम-उत्तर में सक्रिय है, जिसके कल तक अल्प दुर्बल होकर छत्तीसगढ़ की ओर विस्थापित होने की संभावना बनी हुई है। जबकि मानसून ट्रफ नलिया-अहमदाबाद से लेकर इंदौर-मंडला-रायग? और डिप्रेशन के केंद्र से होते हुए उत्तरी अंडमान सागर तक विस्तृत है। साथ ही भारतीय पठारी क्षेत्र के उत्तरी हिस्से में मध्य क्षोभमंडल के स्तर पर विरूपक हवा सक्रिय हैं। वहीं गुजरात तट से केरल तट के समांतर अपतटीय ट्रफ भी सक्रिय है। इसके असर से जबलपुर सहित संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बौछारें पर छिटपुट वर्षा हो सकती है। वर्षा की बेरूखी से तापमान में भी घट-बढ़ का दौर जारी है। मंगलवार को अधिकतम तापमान मामूली रूप से बढ़कर 33.1 डिग्री पर आ गया वहीं न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बुधवार की सुबह का तापमान 25.1 रहा । सुबह कर आद्रता 83 प्रतिशत रही। मानसून सीजन में वर्षा का आंकड़ा 24 इंच पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के रिकार्ड में अब तक कुल 611.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। वहीं गत वर्ष मानसून सीजन में आज के दिन तक 421.7 मिलीमीटर यानी 16.6 इंच वर्षा हुई थी। हालांकि पिछले वर्ष के मुकाबले सात इंच अधिक वर्षा रिकार्ड की जा रही है। जबलपुर सहित संभाग में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। तापमान 30 डिग्री के आसपास बना रहेगा।



## विवेचना द्वारा निबंध व भाषण स्पर्धा का आयोजन

**जबलपुर यशभारत।**विवेचना द्वारा सुप्रसिद्ध व्यंग्यशिल्पी हरिशंकर परसाई के जन्मदिवस के अवसर पर स्कूली व कालेजी विद्यार्थियों को परसाई जी के रचनाकर्म से परिचित कराने के लिए निबंध व भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है। कालेज छात्रों के लिए निबंध का विषय 'हरिशंकर परसाई की व्यंग्य रचनाओं में सामाजिक सरोकार' और भाषण का विषय 'हरिशंकर परसाई की कहानियों में शिक्षा जगत' होगा। स्कूली छात्रों के निबंध का विषय 'हरिशंकर परसाई का लेखन और जीवन संघर्ष' और भाषण का विषय ' हरिशंकर परसाई के घरेलू व सामाजिक व्यंग्य' रहेगा। स्कूली विद्यार्थियों के लिए निबंध 500 शब्दों में व कालेज विद्यार्थियों के लिए 1000 शब्दों तक सीमित रहेंगे। निबंध प्राचार्य के पास 18 अगस्त तक जमा किए जा सकते हैं। भाषण प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 5 मिनिट का समय रहेगा। भाषण प्रतियोगिता मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय के हॉल में 20 अगस्त शनिवार को सुबह 11 बजे से आयोजित होगी। पुरस्कृत विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार, पुस्तकें व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। विशेष जानकारी हेतु हिमांशु राय मनु शरत् तिवारी व अजय धाबर्डे से संपर्क किया जा सकता है।

---

### स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ को देशभर में अमृत महोत्सव मनाने आग्रह

# भाजपा नर्मदा मंडल द्वारा निकली गई तिरंगा यात्रा

**जबलपुर, यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एवं भाजपा प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देश पर भाजपा नर्मदा मंडल के द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष कौशल किशोर सूरी ने बताया की-धानमंत्री ने स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ को देशभर में अमृत महोत्सव के रूप में मनाने का आग्रह किया है, इसी तारतम्य में शहीद भगत सिंह चौक पर शहीदे आजम भगत भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नर्मदा मंडल के अंतर्गत समस्त 5 वार्डों के विभिन्न क्षेत्रों से तिरंगा यात्रा निकालकर क्षेत्रीय जनों को अपने प्रतिष्ठानों में एवं अपने निवास पर तिरंगा लगा कर देश के अमर वीर जवानों के बलिदान को याद कर उत्साह पूर्वक 75वीं वर्षगांठ मनाने का आग्रह किया उन्होंने बताया आज से 15 अगस्त तक लगातार विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन जागरण किया जाएगा जिसमें आज से 13 अगस्त तक प्रत्येक वार्ड में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा एवं 13 से 15 तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा, इस अवसर पर मंडल के यात्रा प्रभारी अखिलेश तिवारी, काके आनंद,मनीष दुबे, प्रशांत केसरवानी, जय चक्रवर्ती, राजेन्द्र सूर्यवंशी, शंकर कुशवाहा, पीयूष जैन, पीयूष गुप्ता, सुरेश पांडे, कपिल चौरसिया, अजय सूर्यवंशी, अनीश साहू, दीपक यादव, तुलसी दुबे, श्रीमती पूनम प्रसाद, सविता यादव, भगवानदीं चौधरी, सुनील विश्वकर्मा, रमाकांत मिश्रा, एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।



### रानी दुर्गावती की स्थल पर हुआ पौधारोपण, तिरंगा रैली भी निकाली गई

अंकुर अभियान के तहत आज वीरांगना रानी दुर्गावती की समाधि स्थल नरई नाला में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के करीब 200 पौधे स्थानीय निवासियों के सहयोग से रोपे गये। इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान में 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने लोगों को प्रेरित करने तिरंगा रैली भी निकाली गई।।

# कुंडम में पिता की हत्या

# सीने में कुल्हाड़ी से मारने के बाद 3 दिन घर में ही करता रहा इलाज

## मौत हुई तो भागा गुजरात



*जबलपुर यश भारत। कुंडम के खितौला ग्राम में जमीन बंटवारे को लेकर एक कलियुगी बेटे ने अपने ही पिता पर कुल्हाड़ी से वार कर लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद आरोपी तीन दिन तक अपने पिता का इलाज भी कर रहा था, ताकि किसी को पता ना चले। लेकिन जब पिता की दर्दनाक मौत हो गयी तो आरोपी गुजरात भाग गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, आरोपी बेटे को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है।*

## जमीन बंटवारे को लेकर विवाद में कलियुगी बेटे ने की नृशंस हत्या, जांच जारी

कुंडम थाना प्रभारी प्रताप सिंह मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत खितौला ग्राम का रहने वाला 60 वर्षीय ज्ञान सिंह पिता मान सिंह मसराम का अपने ही बेटे जय सिंह मसराम 27 साल से जमीन बंटवारा को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। पिता जमीन का बंटवारा करने को तैयार नहीं था किंतु उसका पुत्र जय सिंह बंटवारा कराने में अड़ा हुआ था। इसी बात को लेकर 7 अगस्त की देर रात दोनों के बीच में जमकर विवाद हुआ। जिससे आरोपी बेटा अपना आपा खो बैठा और पिता के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसके बाद पिता की मौत हो गयी।

### घर पर ही कर रहा था उपचार

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी पुत्र वारदात को अंजाम देने के बाद पिता का उपचार घर में ही कर रहा था जहां पर उसकी बीती रात मौत हो गई पिता की मौत होने के बाद पुत्र घर से फरार हो गया। इधर जब मोहल्ले के लोगों को इस घटना का पता चला तो आज सुबह से ही पीड़ित के घर काफी भीड़ जमा हो गई। मौजूद लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्यवाही कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए आरोपी पुत्र की सरगर्मी से तलाश करने में लगी हुई है।

### पिता का ही नहीं हुआ था बंटवारा

पुलिस ने बताया कि मृतक तीन भाई है, जिनके बीच में 12 एकड़ जमीन है। लेकिन उनका ही अभी तक बंटवारा नहीं हुआ था। इधर मृतक के दो बेटे है। लेकिन आरोपी बेटा बंटवारा के लिए अड़ा हुआ था। जिसके बाद बेटे ने इस नृशंस हत्याकांड को अंजाम दे डाला।



# नगर की बेटी संपदा कल केबीसी की हॉटसीट पर आएंगी नजर

**जबलपुर,यशभारत। जबलपुर के बेटी संपदा सर्राफ जो सिंगरौली जिले की डिप्टी कलेक्टर हैं वे11 अगस्त को महानायक अमिताभ बच्चन के साथ केबीसी की हॉटसीट पर नजर आएंगी। वे जबलपुर में दया नगर निवासी पूर्व संचालक अभियोजन रहे श्री आदेश सराफ व लॉ आफिसर श्रीमती नंदनी सराफ की सुपुत्री हैं। उन्होंने कहा कि हॉट सीट तक पहुंचना वाकई बहुत कठिन सफर है।**

**सिंगरौली जिले की डिप्टी कलेक्टर हैं**

फास्टर फिंगर फास्ट में पहुंचने वाले सभी प्रतिभागी टैलेंटेड होते हैं उनके सामने खुद के टैलेंट को दिखाते हुए आगे बढ़ना और हॉट सीट पर पहुंचना सहज नहीं होता है। सिंगरौली जिले में पदस्थ एसडीएम संपदा सर्राफ ने बताया कि केबीसी के सेट पर महानायक से मिलने का जो अवसर मिला है उससे वह काफी अभिभूत है उन्होंने बताया की अमिताभ बच्चन बहुत ही सहज है उन्होंने केबीसी खेल में उनका उत्साह बढ़ाया। डिप्टी कलेक्टर ने बताया कि यह कार्यक्रम उनके जीवन अलग अनुभव है। उसे वह कभी भुला नहीं सकेंगी। सुपर स्टार अमिताभ बच्चन से मिलने और उनसे बातचीत करने का मौका मिला। केबीसी कार्यक्रम में उन्हें देश देखेगा। इसको लेकर भी वह काफी उत्साहित हैं। डिप्टी कलेक्टर संपदा सर्राफ का केबीसी के लिए चयन के बाद पहले भोपाल में ऑडिशन हुआ उसके बाद में उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुंबई बुलाया गया। अमिताभ बच्चन के सामने हॉट शीट पर बैठकर सवालों व जवाबों पर आधारित कार्यक्रम की शूटिंग पूरी हो गई है। अब 11 अगस्त को इसका टीवी पर प्रसारण होगा। चैनल की ओर से दिखाए गए इसके प्रोमो में बिग बी महिला अफसर के आगे का हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए नजर आए। वह अपनी सीट से खड़े होकर हाथ जोड़कर सिर झुकाते हुए कहते हैं- आप तो सरकार हैं। हंसती हुई डीसी कहती हैं कि नहीं आप सरकार हैं। केबीसी का ये पूरा एपीसोड शूट हो गया है, जिसका प्रसारण 11 अगस्त को होगा। वह बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के सामने हॉटशीट पर बैठकर उनके प्रश्नों का जवाब देंगी। कार्यक्रम की शूटिंग पिछले सप्ताह पूरी कर ली गई है।

**बका मारकर काउंटर से लूटे रुपये**

# बरगी शराब दुकान में घुसकर लाखों की लूट

## गठित पुलिस दल जगह-जगह दे रहा दबिश




**जबलपुर, यशभारत। बरगी स्थित शराब दुकान में देर रात चार-पांच लुटेरों ने मिलकर, गद्दीदार और कर्मियों को बका, पत्थर, डंडों से मारकर बुरी तरह घायल किया और फिर काउंटर से रकम और शराब की बॉटल लेकर, मौके से फरार हो गए। यह पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गयी। पुलिस आरोपियों का पता लगाने में जुटी है।**

जानकारी अनुसार पुलिस को मनोज राय 48 वर्ष निवासी बरगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बरगी स्थित शराब दुकान में मैनेजर है। शराब दुकान में अंग्रेजी एंव देशी के काउण्टर है देर रात अमित जैसवाल ने फोन करके बताया कि बरगी शराब दुकान में लूट हो गयी है तो वह तुरंत दुकान पर पहुँच जहां अमित, मंटू, अरूण एवं संदीप तथा अन्य ने बताया कि देशी के काउण्टर पर देशी काउंटर पर अमित जायसवाल और अंग्रेजी काउण्टर पर मंटू गुप्ता पैसा काट रहे थे। साथ में शराब कम्पनी में काम करने वाले अरूण राय और संदीप भी दुकान में बैठे थे। तभी 4 अज्ञात व्यक्ति आये। जिसमें से एक हाथ में हंसिया जैसा हथियार लिये था दूसरा व्यक्ति हाथ में पत्थर लिये था। तीसरा व्यक्ति हाथ में डंडा लिये था, चौथा व्यक्ति डंडा लिये हुये बाहर खड़ा रहा। वह देशी कांउटर पर घुस गये। और अमित को हंसिया से चमकाया और अरूण को हंसिया उल्टा करके मारा तो अरूण दुकान से निकलकर भाग गया। अमित और संदीप दुकान के पीछे चल गये तो उस व्यक्ति ने दुकान की ड्राजों में रखे रूपये निकाल लिये तभी एक आरोपी मंटू को गाली गलौज कर मारपीट करने लगा और पत्थर मार देने की धमकी देकर कहने लगा हट जा।

### काउंटर में रखे रुपये छीने

आरोपियों ने काउंटर में रखे रूपये छीन लिये और देशी काउण्टर से रूपये लूटने वाले हंसिया लिये हुये आदमी ने भी आकर मंटू को हसिया से चमकाया और 2 शराब की बाटल उठाकर ले गए। पूरी घटना के दौरान बाहर खड़ा डंडा लिये व्यक्ति लगातार गाली गलोज करते हुये डराता धमकाता रहा और आस पास खड़े लोगों को उठाकर पत्थर मारता रहा। जिससे कोई पास में ना आये फिर चारों मिलकर हाईवे की ओर दोड़कर भाग गये तो अरूण, संदीप, मंटू, अमित और दुकान के पास खड़े अन्य लोगों ने उनका पीछा करने की कोशिश की जो कि भागते हुये रास्ते में पड़े पत्थर उठाकर पीछे मार रहे थे, पत्थर संदीप, अरूण एंव 1-2 लड़कों को लगे। चारों हाईवो के उस पार जंगल में अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये, दुकान में चारों लोगों ने लगभग 70-80 हजार रूपये लूटकर ले गये है। शराब दुकान के काउण्टर का मिलान करने पर सही रकम की जानकारी दे पाउंगा। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने घटित हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुये आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किये जाने पर अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक बरगी प्रियंका शुक्ला के मार्गनिर्देशन में थाना प्रभारी बरगी रीतेश पाण्डे के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी गयी।

**पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया मामला, क्षेत्र में हड़कंप**

# चरगवां में युवक को ट्रेक्टर ने कुचला, मौत




जबलपुर, यशभारत। चरगवां के ग्राम तिन्हेटा में एक बेकाबू ट्रेक्टर चालक ने पैदल घर जा रहे युवक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक को तत्काल 108 से अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने चैक कर, युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। चरगवां थाना प्रभारी विनोद पाठक ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि धानू पिता मेरसिंग सैयाम 32 वर्ष थाना बरगी का निवासी था। जो अपने घर जा रहा था तभी वाहन क्रमांक एमपी 49एए 4934 के ट्रेक्टर चालक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद धानू सैयाम को तत्काल जबलपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है।

**तीन आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर दिया वारदात को अंजाम**

# अधारताल में चाकू से काट दी हाथों की चार उंगलियां

जबलपुर, यशभारत। अधारताल के करोंदा में एक युवक को दबोचकर तीन आरोपियों ने जमकर मारपीट कर, चाकू से हमला कर हाथों की चार उंगलियां काट दी। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि लिखित सूचना मिली कि अनिल पटैल 33 वर्ष निवासी ग्राम मनसकरा थाना सिहोरा को रेल्वे ट्रेक करोंदानाला अधारताल में घायल होने पर अस्पताल में भर्ती किया गया था। सूचना दर्ज कर जांच में लिया गया।



*केंट थाने में सीएसपी प्रियंका शुक्ला व टीआई अरविंद चौबे ने आरक्षक सचिन नामदेव को लगायी प्रधान आरक्षक की फित्ती,दी शुभकामनाएं।*

**क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक**

**डॉ. शंकर हबलानी**
बी.डी.एस. (इंदौर)
दांत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
रेनबो कलर लैब के सामने,
सतना बिल्डिंग, जबलपुर
**मो. 9340734722, 9300049344**
**विशेषताएं:** रूट कैनाल ट्रीटमेंट, फिक्स दांत, बत्तीसी, दांतों की सफाई, टेढ़े मेढ़े दांतों एवं पायरिया इलाज।

**In The Court Of XXIV Civil Judge Class-1, Distriet Court, Jabalpur**
Presiding Officer: मोना शुक्ला पाण्डे
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCSA/0000354/2016)
सैनिक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित .... वादी
V/s
स्वर्ण सिंह बग्गा ..... प्रतिवादी

Process Id-/2022 पेशी दिनांक : 8.9.2022

प्रेषिती
**( 1 ) स्वर्ण सिंह बग्गा पिता एच एस बग्गा पता 45 लेबर कोर्ट गोरखपुर जबलपुर**
यह कि प्रार्थी सैनिक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित ने आपके विरुद्ध सिविल सूट ए( वाद वास्ते घोषणा हेतु) के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 14 जुलाई 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश**
**श्रीमती मोना शुक्ला पाण्डेय**
**चौबीसवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड जबलपुर मप्र**

# खमरिया में 2 लाख नगद, जेवरात ले उड़े शातिर चोर

**ससुराल गया था मकान मालिक, वापस लौटा तो हो गया हैरान**

**जबलपुर, यशभारत।** खमरिया के अनमोल सिटी घाना में चोरों ने एक सूने घर के मुख्य दरबाजे का ताला तोड़कर नगदी दो लाख और जेवरात पार कर, मौके से फरार हो गए। जिस वक्त यह घटना हुई पीड़ित अपनी ससुराल गया था, जब वापस आकर देखा तो अलमारी से रुपये और जेवरात गायब थे। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला कायम कर, आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि राहुल गौतम उम्र 34 वर्ष निवासी अनमोल सिटी घाना ने बताया कि फुटवेयर मार्केटिंग करता है। देर रात अपनी ससुराल सदर महावीर कम्पाउण्ड में रात रूक गया था। जब अपने घाना अनमोल सिटी स्थित घर आया तो मेन गेट का ताला खोलकर अंदर गया तो घर के मुख्य दरवाजा का ताला टूटा था ताला नीचे जमीन पर पड़ा था। दरवाजे की कुंडी लगी थी वह कुंडी खोलकर अंदर गया तो देखा सामान बिखरा पड़ा था। ऊपर की मंजिल में अपने बेडरूम मे जाकर देखा जहां 2 लोहे की आलमारी का लॉक टूटा था तथा एक आलमारी के लाकर रखे 37 हजार रूपये तथा दूसरी आलमारी में रखे 1 लाख 50 हजार रूपये तथा जेवर गायब थे।

**जबलपुर में अजब-गजब चोरी**

# बाथरूम का नल, मशीन लेकर चोर हो गए चंपत

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल के राजुल नगर में देर रात शातिर चोरों से जब एक घर की अलमारी का लॉक नहीं टूटा तो आरोपी बाथरुम के नल, साबर और वहीं रखी मशीन उठाकर ले गए। पीड़ित जब घर पहुंचा तो देखकर दंग रह गया कि घर का पूरा सामान बिखरा पड़ा था और नल, मशीन गायब थी। जिसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रकाश ठाकुर उम्र 48 निवासी राजलु महाराजपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसके घर से किचिन का सामान और मशीन, कुल बीस हजार की चोरी कर, शातिर आरोपी फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# त्यौहार में मजदूरी नहीं देने पर ठेकेदार को पीटा

## कहा- रुपये दो नहीं दो जान से जाओगे

जबलपुर, यशभारत। गोरखपुर थाना अंतर्गत रामपुर में मजदूरी नहीं देने पर एक ठेकेदार को दो मजदूरों ने दबोचकर जमकर मारपीट कर दी और रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रजत पटैल उम्र 34 साल पिता मुंशीराम पटैल निवासी रामपुर ने शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि राजा यादव और कालू अहिरवार ने मजदूरी मांगते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला- जबलपुर (म.प्र.)**

E-mail modgmjab@MP.gov.in

क्रमांक 2092 / खनिज / 2022 दिनांक -28/07/2022

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए

**द्वितीय सूचना पत्र**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक **श्री विजय घनघोरिया पता- 416, जवाहर गंज, खटीक मोहल्ला, जबलपुर** द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक **08/02/2022** को प्रस्तुत किया गया था। आवेदित क्षेत्र में नियमानुसार अन्य आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु दिनांक **25/04/2022** तक प्रथम सूचना पत्र जारी किया गया था, परंतु अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त न होने पर इस क्षेत्र पर पुनः दिनांक **17/08/2022** तक उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in. पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | कुण्डम | सहदरा | 1016 | 5.00 | शासकीय भूमि | गिट्टी | |
| | | | कुल रकबा | 5.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑन लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा।

**खनि अधिकारी**
**जिला- जबलपुर, (म.प्र.)**

G-15292/22

## बारिश में बढ़ रहा वायरल संक्रमण

# ओपीडी में हर तीसरा मरीज सर्दी-जुकाम और बुखार से पीड़ित

**भोपाल,यशभारत। मौसम में नमी की वजह से वायरसए बैक्टीरिया और फंगस से होने वाली बीमारियां बढ़ गई हैं। शहर के प्रमुख अस्पताल एम्सए जेपी और हमीदिया अस्पताल में मेडिसिनए नाकए कान एवं गला और शिशु रोग विभाग की ओपीडी में आने वाला हर तीसरा मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार, पेट दर्द और दस्त से पीड़ित होता है। इनमें करीब 10 प्रतिशत मरीजों को भर्ती करने की जरूरत भी पड़ रही है।**




### यह रखें सावधानी

- बारिश में भीगने से बचें।
- ज्यादा ठंडी चीजें नहीं खाएं।
- भीड़ में नहीं जाएं। मास्क लगाकर रखें।
- सर्दी.जुकाम और बुखार होने पर खुद को आइसोलेट कर लें।
- चिकित्सक की सलाह के बिना एंटीबायोटिक नहीं खाएं।
- बुखार की स्थिति में आराम करें और पानी एवं अन्य चीजें मिलाकर करीब चार लीटर तरल पदार्थ लें।

हमीदिया अस्पताल के नाकए कान एवं गला रोग विभाग के सह प्राध्यापक डा. यशवीर जेके ने बताया कि वर्षा का मौसम शुरू होने के साथ ही वायरल फीवर के मरीज अन्य दिनों के मुकाबले बढ़ गए थे,लेकिन अब पहले के मुकाबले इनकी संख्या हफ्ते भर से दोगुनी हो गई है। उन्होंने बताया कि सर्दी, जुकाम, बुखार और पेटदर्द वाले मरीजों में करीब 20 प्रतिशत गंध और स्वाद नहीं आने की शिकायत भी कर रहे हैं। उन्हें कोरोना की जांच कराने की सलाह भी दी जा रही है। इनमें कुछ कराते हैं तो कुछ नहीं कराते। उन्होंने बताया वायरल फीवर को ठीक होने में करीब पांच दिन लग रहे हैं। हालांकिए मरीज गंभीर नहीं हो रहे हैं। एलएन मेडिकल कालेज के मेडिसिन विभाग के सह प्राध्यापक डा. आदर्श वाजपेयी ने बताया कि इस समय वायरल फीवर के साथ दस्त के मरीज भी बड़ी संख्या में आ रहे हैं। बच्चों में यह दिक्कत ज्यादा देखने को मिल रही है। यह कोरोना के लक्षण भी हो सकते हैंए लेकिन मरीज जांच ही नहीं करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हफ्ते भर से ओपीडी में मरीजों की संख्या करीब 40 प्रतिशत बढ़ गई है।

हमीदिया अस्पताल के छाती व श्वास रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डाण् लोकेन्द्र दवे ने कहा कि उनकी ओपीडी में आने वाले मरीजों में करीब आधे ऐसे होते हैंए जो खुद मेडिकल स्टोर से एंटीबायोटिक दवाएं खरीदकर खा लेते हैं। जब फायदा नहीं होता और तकलीफबढ़ने लगती है तो चिकित्सक के पास पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि गले में खिंचाव के साथ दर्द और बुखार हो तो डाक्टर को दिखाने में देर नहीं करना चाहिए।

### डाक्टरों की सलाह के बाद भी कोरोना जांच कराने को तैयार नहीं हो रहे मरीज

जेपी अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी डा. जेके चौरसिया ने बताया कि ओपीडी का समय शाम चार बजे खत्म होने के बाद सर्दी.जुकाम और बुखार वाले मरीज इमरजेंसी में आ जाते हैं। इन मरीजों में कोरोना के लक्षण दिखने के बाद भी वह जांच कराने को तैयार नहीं होते। दूसरी बात यह कि मरीज आइसोलेशन की परवाह नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई मरीज हाई रिस्क वाले होते हैंए जिनके लिए कोरोना की जांच जरूरी होती है।



# भोपाल में हर-घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस ने निकाली तिरंगा रैली

## आजादी के अमृत महोत्सव पर हर-घर तिरंगा अभियान

**भोपाल ,यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत हो गई है। इसके तहत मध्य प्रदेश पुलिस अलग-अलग जिलों में तिरंगा रैली निकाल रही है। साथ ही लोगों को तिरंगा अभियान में अपने घर पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित कर रही है। भोपाल में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर-घर तिरंगा अभियान के तहत डीसीपी हेडक्कार्टर विनीत कपूर के नेतृत्व में मंगलवार दोपहर पुराने पुलिस कण्ट्रोल रुम से तिरंगा रैली निकाली गई। रैली कण्ट्रोल रूम से प्रारंभ होकर राजभवन तिराहे से वापस नियंत्रण कक्ष में समाप्त हुई। रैली के दौरान जवानों ने भारत माता की जय एवं अन्य देश भक्ति नारे लगाये। इस दौरान आमजन द्वारा भी देश भक्ति के नारे लगाकर एवं तालियां बजाकर तिरंगे का सम्मान करते हुए पुलिस जवानों का उत्साहवर्धन किया। देश-भक्ति, जन-सेवा का संदेश देते हुए भोपाल पुलिस जनता की सेवा हेतु सदैव तत्पर है, ये संदेश भी उपरोक्त पम्प्लेट के माध्यम से जन सामान्य में दिया जायेगा, जन सेवा से ही देश भक्ति करने के उद्देश्य से भोपाल पुलिस ने अपनी प्रतिबद्धता, पुलिस रिस्पांस के माध्यम से करने का संदेश भी दिया, जो आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 7 दिनो तक उल्लास से उत्सव के रूप में मनाने की पुलिस की योजना का संदेश भी दिया। रैली में एसीपी हेडक्कार्टर स्वाती मुराव, आरआई दीपक पाटिल एवं नगर नियंत्रण कक्ष, एसएएफ, क्यूआरआफ समेत करीब 150 अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुए। बैरागढ़ थाना प्रभारी डी पी सिंह के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली गई, जो संत नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई बैरागढ़ थाने पर समाप्त हुई। इस रैली में वंदे मातरम, भारत माता की जय के नारे भी पुलिसकर्मियों ने लगाये।

# महिला सशक्तीकरण के लिए अब मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना लागू करेगी मप्र सरकार

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश में महिला स्व-सहायता समूहों के गठन के बाद अब शिवराज सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना लागू करेगी। इसमें महिला उद्यमियों के साथ ग्रामीण और शहरी महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक गतिविधियों के लिए ऋण लेने पर दो प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। इसके साथ ही क्षमता विकास, उत्पाद के प्रचार-प्रसार आदि गतिविधियों के लिए ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसे तीन साल में छह किस्तों में लौटाना होगा। महिला एवं बाल विकास विभाग ने योजना तैयार कर लिए है, जिसे अंतिम निर्णय के लिए कैबिनेट में प्रस्तुत किया जाएगा। भूखंड आवंटन में महिला उद्यमियों को प्राथमिकता- सूत्रों के मुताबिक महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए सरकार स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है। इन्हें बैंकों से ऋण दिलाने के साथ उत्पादों के प्रचार-प्रसार और बिक्री के प्रबंध भी किए जा रहे हैं। इसके साथ ही महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए भी प्रविधान किए गए हैं। भोपाल और इंदौर के औद्योगिक क्षेत्रों में महिला उद्यमियों को प्राथमिकता के आधार पर भूखंड देने का निर्णय लिया गया है।

# भोपाल में झमाझम, कहीं - कहीं भारी वर्षा होने के भी आसार

**भोपाल यशभारत।** अलग-अलग स्थानों पर पांच मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। मानसून ट्रफ भी मध्यप्रदेश में अपनी सामान्य स्थिति से काफी नीचे मौजूद है। बंगाल की खाड़ी में बना अवदाब का क्षेत्र मंगलवार दोपहर को आगे बढ़कर भुवनेश्वर तक आ गया है। जिसके चलते प्रदेश के कुछ जिलों में झमाझम वर्षा हो रही है। इसी क्रम में मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक भोपाल (नया शहर) में 54.4 (लगभग दो इंच), बैतूल में 42, भोपाल (एयरपोर्ट) में 17.6, छिंदवाड़ा में नौ, पचमढ़ी में पांच, नर्मदापुरम में 0.5 मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक बुधवार को भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन संभागों के जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं अति वृष्टि भी हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से लगातार मिल रही नमी से मप्र के अधिकतर जिलों में वर्षा का सिलसिला जारी है। बंगाल की खाड़ी से अवदाब का क्षेत्र आगे बढ़ने लगा है। इस मौसम प्रणाली के बुधवार को और आगे बढ़कर छत्तीसगढ़ में पहुंचने की संभावना है। जिसके चलते वर्षा की गतिविधियों में और तेजी आने की संभावना है। कुछ जिलों में अति वृष्टि होने की भी आशंका है। **ये मौसम प्रणालियां हैं सक्रिय** मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में अवदाब का क्षेत्र ओडिशा के भुवनेश्वर एवं उसके आसपास बना हुआ है। मानसून ट्रफ नलिया, अहमदाबाद, इंदौर, जबलपुर, रायपुर से होकर बंगाल की खाड़ी में बने अवदाब के क्षेत्र तक बना हुआ है। महाराष्ट्र से लगी मध्यप्रदेश की सीमा पर शियर जोन (विपरीत दिशा की हवाओं पूर्वीङ्कपश्चिमी का टकराव) बना हुआ है।



### बड़ी झील का जलस्तर बढ़ते ही खुले भदभदा डेम के गेट

छह बजे बड़ी झील का जल स्तर अपने उच्चतम स्तर 1666.80 फीट पर पहुंच गया। इससे नगर निगम द्वारा शाम के समय भदभदा डेम का एक गेट खोल दिया गया। मंगलवार को सुबह साढ़े आठ से शाम साढ़े पांच बजे तक लगभग दो इंच वर्षाहुई है। वहीं मौसम विभाग ने आने वाले चौबीस घंटे में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने बताया कि बुधवार को ढाई से साढ़े चार इंच तक वर्षा होने की संभावना है। रात से ही वर्षा का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह तेज वर्षा हुई और फिरथम गई लेकिन 11 बजे से तेज वर्षा शहर की सड़कें तालाब बन गईं।

# सावन की रिमझिम बारिश के बीच भजनों में डूबे भक्त

### रंगकृति समारोह संपन्न

**भोपाल यशभारत।** सावन की रिमझिम बारिश, गरजते मेघ और चमकती बिजली के बीच मंगलवार को भजनों का ऐसा दौर चला कि पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अवसर था आजादी के अमृत वर्ष के अवसर पर रंगकृति नाट्य समिति द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की सांस्कृतिक समारोह एवं प्रस्तुति अनुदान योजना के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय रंगकृति उत्सव के समापन का। आखिरी दिन भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री हनुमान मंदिर, बोगदा पल में आयोजित कार्यक्रम में शाक्य बंधुओं द्वारा संगीतमय सुंदरकांड एवं भजनों की प्रस्तुति ने भक्त जनों का मन मोह लिया। समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड 44 के पार्षद विमलेश ठाकुर एवं विशेष अतिथि के रूप में सर्व विश्वकर्मा समाज समिति के अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा उपस्थित थे। मारुति मंडल द्वारा शाक्य बंधुओं के निर्देशन में सुंदरकांड की शानदार प्रस्तुति हुई। इसके बाद गणेश वंदना से भजनों की प्रस्तुति प्रारंभ हुई। शाक्य बंधुओं ने अजब हैरान हूं भगवन, तुम्हें कैसे मनाऊं..., मंगल मूर्ति राम दुलारे...एवं भोले बाबा से लिपटी जाए नागिनिया... जैसे भजनों की प्रस्तुति ने सभागार में मौजूद लोगों मन मोह लिया। इसके बाद प्रभु आपकी कृपा से सब काम हो रहा है... , चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है..., शंकर भोलेनाथ हमारा तुम्हारा... और मैं आया हूं तेरे द्वार बम बम भोले... जैसे भजनों ने भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। शाक्य बंधुओं के साथ वृंदावन साहू, मनोज शाक्य, भूपेंद्र शाक्य ने स्वर दिए। ढोलक पर नारायण पटेल, बैंजो पर संजय एवं रमन श्रीवास ने संगत की। उल्लेखनीय है कि रंगकृति समारोह का शुभारंभ सात अगस्त को शहीद भवन में हुआ था। पहले दिन तमिल और सिंधी लोक नृत्य के साथ घूमर नृत्य की प्रस्तुतियों के बाद दूसरे दिन नाटक का मंचन हुआ। समापन सभा हनुमान मंदिर में सजी।

### 1300 से कम हुए प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मरीज

# 54 मरीज अस्पतालों में

**भोपाल यशभारत।** प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 1300 से नीचे आ गई जो कि 10 दिन पहले 1500 से ज्यादा थी। अभी 1297 सक्रिय मरीज हैं। इनमें 54 मरीजों का निजी और सरकारी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इसके अलावा 13 संदिग्ध मरीजों का इलाज भी चल रहा है। अस्पतालों में भर्ती संक्रमितों में से 18 इंदौर और 12 भोपाल के हैं। उधरए सोमवार को प्रदेश में सिर्फ4602 सैंपलों की ही जांच हुई। इसमें 112 संक्रमित मिले हैं। इनमें भोपाल के 16 और इंदौर के 35 हैं। इसके पहले हर दिन करीब सात हजार सैंपलों की जांच हो रही थी। स्वास्थ्य संचालनालय की अपर संचालक डाण् वीणा सिन्हा ने बताया कि त्योहार चल रहे हैं। इसके अलावा वर्षा का मौसम भी है। इस कारण जांच कराने के लिए कम लोग आ रहे हैं। दूसरे बात यह भी है कि जो लोग संक्रमित हो रहे हैं उन्हें बहुत हल्के लक्षण हैं। लोग साधारण सर्दी.जुकाम समझकर जांच कराने के लिए ही नहीं आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि संक्रमितों में से हर दिन करीब 30 से 40 प्रतिशत ऐसे होते हैं जिन्होंने टीका नहीं लगवाया।



# प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल हुए पांच परीक्षार्थियों के खिलाफ ठगी का केस दर्ज

### पांच परीक्षार्थियों के खिलाफ धोखाधड़ी

**भोपाल,यशभारत।** एमपी नगर थाना पुलिस ने इस वर्ष मार्च में पीईबी द्वारा आयोजित आन लाइन प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल हुए पांच परीक्षार्थियों के खिलाफ धोखाध?ी सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपियों ने परीक्षा में फर्जी तरीके से सभी प्रश्नों के उत्तर सही दे दिए, जबकि परीक्षा के दौरान दो घंटे तक उनके कम्प्यूटर की स्क्रीन बंद थी। एमपी नगर थाने के एसआइ रंजीत मिश्रा के मुताबिक पीईबी के परीक्षा नियंत्रक डा. धर्मेंद्र कुमार अग्रवाल ने सोमवार को एक शिकायती आवेदन दिया था। जिसकी जांच के बाद पुलिस ने परत सिंह रावत, भुवनेश्वर शर्मा, नीलम केमोर, निशा सोलंकी और मनोज कुमार पटेल के खिलाफ धोखाधड़ी एवं परीक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। एक आरोपित सागर का जबकि शेष चार ग्वालियर के रहने वाले हैं। डा.अग्रवाल ने बताया कि पीईबी ने मार्चङ्क2022 में आनलाइन प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की थी। जिसमें प्रदेश भर के परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था। इस परीक्षा में पांचों आरोपित भी शामिल हुए थे। परीक्षा के दौरान आरोपितों ने कम्प्यूटर की स्क्रीन बंद होने के बावजूद पूछे गए सभी प्रश्नों के उत्तर फर्जी तरीके से सही दिए थे। इस परीक्षा में उन्होंने पूरे अंक प्राप्त किए। जानकारी के मुताबिक एक परीक्षार्थी सागर के ज्ञानवीर कालेज से और शेष चार उम्मीदवार ग्वालियर के सर्वधर्म एग्जाम सेंटर से परीक्षा में शामिल हुए थे। ज्ञानवीर कालेज प्रदेश के परिवाहन एवं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का है। परीक्षा के दौरान करीब दो घंटे तक संबंधित परीक्षार्थियों की कम्प्यूटर स्क्रीन आफ होने के मामले की जांच में सामने आया कि फर्जवाड़ा करते हुए सभी प्रश्नों के सही उत्तर देकर पूर्ण अंक प्राप्त किए गए हैं। बाद में मनोज कुमार पटेल के पेपर का स्क्रीन शाट वायरल भी हुआ था।

# पत्नी ने समझौते से किया इंकार, तो पति ने फेंका एसिड

**भोपाल, यशभारत।** अशोका गार्डन पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर सोमवार देर रात उसके पति के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और एसिड अटैक का मुकदमा दर्ज किया है। घटना दो अगस्त को प्रभात चौराहे की बताई जा रही है। पीड़िता छह दिन तक उपचार कराती रही, बीती रात वह थाने पहुंची और मुकदमा दर्ज कराया। दोनों ने एक साल पहले इंटर रिलीजन मैरिज की थी। वहीं पुलिस का कहना है कि आरोपी की फिलहाल गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। आज घटना के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएंगे। अशोका गार्डन थाना प्रभारी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि 33 वर्षीय महजबीन खान (बदला हुआ नाम) मूलत- बालाघाट की निवासी है। वह ग्रेजुएशन के बाद प्रायवेट जॉब करती थी। फिलहाल जॉब की तलाश में भोपाल में रह रही है। फेसबुक पर उसकी दोस्ती आरोपी फतेहपुर सीकरी निवासी शिवा चौधरी से हो गई थी। दोनों में इंटरनेट मीडिया पर ही प्यार हो गया। इसके बाद में दोनों के बीच कई बार मुलाकात हुई। पिछले साल दोनों ने परिजनों की मर्जी के बगैर अपने-अपने घर से भागकर शादी कर ली। शादी के बाद दोनों आगरा, फतेहपुर आदि स्थानों पर रहे। कुछ समय बाद दोनों के बीच विवाद होने लगे। पीड़िता का आरोप है कि पति मायके से दहेज में नकदी लाने के लिए प्रताड़ित करता था। उसके साथ में मारपीट की जाने लगी थी। आए दिन के विवादों से तंग आकर फरियादी महिला पति से अलग भोपाल में आकर रहने लगी। यहां पति बीते 2 अगस्त को आया, दिन भर फोन पर मिलने के लिए मनाता रहा। देर रात महिला उसे मिलने के लिए राजी हुई, तब युवक ने उसे प्रभात चौराहा पर बुलाया। वहां दोनों में बहसबाजी हुई और आरोपी ने पीडि़ता पर बॉटल में भरा हुआ एसिड डाल दिया। इससे लड़की के शरीर के कई हिस्से झुलस गए। उसकी एक आंख बुरी तरह से झुलसी है। पीठ, एक हाथ और गले में भी झुलसने के निशान हैं।

## दुष्कर्म पीड़िता ने सुनाई आपबीती

# साबूदाने जैसी गोली, भभूत खिलाकर कर दिया बेहोश, फिर किया बाबा ने गंदा काम

**भापाल, यशभारत।** संतान पाने के लिए महिला मिर्ची बाबा के पास दवा लेने गई थी। बाबा ने उसे साबूदाने जैसी गोलियां और भभूत दी। साथ ही बोला कि ऊपर के कमरे में जाकर आराम से बैठो और प्रसाद खा लो। कुछ देर बाद बाबा भी कमरे पहुंचा और बातें करने लगा। इस दौरान महिला को चक्कर आने लगे और वह बेहोश हो गई। तब बाबा ने उसके साथ दुष्कर्म किया। होश आने पर जब उसने गलत काम का विरोध किया तो बाबा ने धमकाया कि मुझे नागा बाबा का दर्जा मिला हुआ है, तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकोगी। यह आपबीती पीडि़ता ने पुलिस को बताई है। मंगलवार को महिला की शिकायत पर मिर्ची बाबा के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पीडि़ता के बयान भी दर्ज कराए हैं। पुलिस ने संभावना जताई है कि बाबा के खिलाफ कुछ और शिकायतें भी सामने आ सकती हैं। हाथ देखकर बोला था कि तुमको संतान हो जाएगी

पुलिस को की शिकायत में पीड़िता ने बताया है कि शादी के चार साल बाद भी कोई संतान नहीं होने से उसने झाड़-फूंक का भी सहारा लिया था, लेकिन बच्चा नहीं हो रहा था। एक माह पहले उसे मोहल्ले की महिलाओं से मिर्ची बाबा के बारे में पता चला था। बाबा से फोन पर संपर्क होने पर वह मिनाल रेसीडेंसी स्थित बाबा के घर पहुंची थी। वहां उनका चेला गोपाल और एक घर का काम करने वाली महिला मिली थी। चाय पिलाने के बाद बाबा ने बात करते हुए उसका हाथ देखा और बोला कि तुमको संतान हो जाएगी। इसके बाद साबूदाने जैसी गोलियां और भभूत दी। बोला कि गोली घर में रख देना और भभूत खा लेना। पति को सारी बातें बताने के बाद बाबा के कहे अनुसार वह 17 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे बाबा के घर पहुंच गई थी। वहां कमरे में गोलियां, भभूत खाने के बाद उसे चक्कर आने लगे, तभी बाबा ने उसे अपनी हवस का शिकार बना लिया था। होश आने पर विरोध करने पर बाबा ने बोला कि बच्चे ऐसे ही पैदा होते है। साथ ही घटना के बारे में किसी को कुछ बताने पर उसे और उसके पति को मरवाने की धमकी भी दी थी। घटना के बारे में उसने अपनी गुरुभाई को बताया था। यह बात उसके पति ने सुन ली थी। इसके बाद पति ने उसे घर से निकाल दिया। तब से वह गुरुभाई के घर पर रह रही थी। रविवार को भी मिर्ची बाबा ने धमकी दी थी कि रिपोर्ट करेगी तो तुझे जान से मरवा दूंगा। लेकिन इसके बाद भी उसने हिम्मत करके शिकायत दर्ज कराई।



रायसेन की महिला से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार वैराग्यानंद गिरि उर्फ मिर्ची बाबा से पुलिस क्राइम ब्रांच में पूछताछ कर रही है। यह पता चला है कि मिर्ची बाबा के पोस्टर में लिखे मोबाइल नंबर पर बात करने के बाद महिला बाबा के संपर्क में आई थी। निन्संतान होने से दुखी महिला को बाबा ने बच्चा पैदा करने के लिए दवाई देने का झांसा दिया था। इसके बाद बाबा ने महिला के साथ अपने घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में दुष्कर्म किया था।एसीपी महिला अपराध शाखा निधि सक्सेना ने बताया कि सोमवार को रायसेन निवासी 28 वर्षीय महिला ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया कि शादी के सात साल बाद भी उसकी कोई औलाद नहीं थी। उसने कुछ माह पहले मिर्ची बाबा का पोस्टर लगा देखा था।

# जुलूस में 300 सवारियां 50 ताजिये शामिल ,रानीताल कर्बला में हुए ठंडे



***जबलपुर यशभारत। पैगंबरे इस्लाम हज़रत मुहम्मद (सल्ल.) के नवासे हज़रत इमाम हुसैन आली मुकाम की शहादत के महापर्व मुहर्रम का मंगलवार को सांय रानीताल कर्बला मे सवारी ताजिया ठंडे करने के साथ समापन हो गया। मुहर्रम के दौरान कौमी एकता तथा सांप्रदायिक सद्भाव के अनूठे नजारे नज़र आए। मुस्लिमों के साथ बड़ी तादाद मे हिंदुओ ने भी श्रद्धा और अक़ीदत के साथ सवारियां रखी, सजावट की तथा लंगर बांटा। मुहर्रम पर प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गए।***

सामूहिक जुलूस दोपहर जुहर की नमाज़ के बाद नगर के विभिन्न अचलो से सवारी ताजियों के जुलूस निकलना शुरू हुए। जुलूस मे लगभग 300 सवारियां तथा 50 ताजिये बड़े छोटे ताजिये शामिल थे। बड़ी तादाद में वाहनों पर इमाम आली मुकाम का लंगर तकसीम किया गया। मुस्लिम बहुल क्षेत्र का जुलूस बहोराबाग, चार खंबा, मछली मार्केट, मिलौनीगंज, कोतवाली, कमानिया, फुहारा, निवाडगंज, बल्देवबाग, आगा चौक होते हुए रानीताल कर्बला पहुँचा। जुलूस पथ के दौनो और खड़े हजारों जायरीन ने ताजियों की ज्यारत की तथा सवारियों को भावभीनी विदाई दी।

**कलात्मक ताजिये सवारियां** – मुहर्रम के जुलूस मे भव्य एवं कलात्मक ताजिये शामिल थे। बुर्राक वाला ताजिया जनाकर्षण का केंद्र था। किन्नरों का ताजिया भी जुलूस मे शामिल था। कांधो पर ताजिया रखे हुए अक़ीदतमंद या हुसैन के नारे लगाते चल रहे थे। जायरीन अपने बच्चों को ताजियों के नीचे से निकाल रहे थे। ताकि उन पर इमाम आली मुकाम की मेहरबानी बनी रहे। जुलूस मे विभिन्न आकार -प्रकार की सवारियां शामिल थी। बाबा हज़रात पर च्हालज्ज की आमद थी। अनेक सवारियों पर चांदी के सुंदर छत्र सुशोभित थे। मखानो से निर्मित कई सवारियां विशालकार थी। कलात्मक सवारियों की साज सज्जा आकर्षक थी। हरे, लाल, नीले मखमल पर जड़ी मोतियो की नक्काशी जगमगा रही थी। सवारियों के जुलूस मे शामिल अक़ीदतमंद या अली के नारे बुलंद कर रहे थे।

## सांप्रदायिक सद्भाव के अनूठे नजारों के बीच मुहर्रम का समापन

**वाहनों पर लंगर**– मुहर्रम के जुलूस मे बड़ी तादाद मे वाहनों पर हज़रत इमाम आली मुकाम का लंगर तकसीम किया जा रहा था। मुफ्ती ए आजम मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना मोहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी व नायबे मुफ्ती ए आजम हज़रत मौलाना मुशाहिद रज़ा कादरी ने मुहर्रम के जुलूस मे शिरकत की तथा लंगर तकसीम किया। लंगर बाटनें वाले वाहनों पर शहीदी कलाम गूंज रहे थे। आगा चौक से सवारी ताजिये कर्बला की ओर तथा लंगर बाटनें वाले वाहन ईदगाह रानीताल मार्ग पर आगे बढ़ जाते थे।

**सदर का जुलूस**– छावनी क्षेत्र सदर के सवारी ताजियों का सामूहिक जुलूस रात्रिकालीन इशा की नमाज़ के बाद रानीताल आगा चौक पहुँचा। जुलूस मे 30 सवारियां तथा 10 बड़े छोटे ताजिये शामिल थे। वाहनों पर लंगर तकसीम किया गया। सदर की शालीन तथा अनुशासित जुलूस की जायरीन द्वारा सराहना की गई।

**उपनगरीय क्षेत्र**– गढ़ा मे अपरान्ह सवारी ताजिये का जुलूस निकला। मुहर्रम के जुलूस मे 40 सवारियां तथा 10 ताजिये शामिल थे। मुजावर मुहल्ला, बैदरा मुहल्ला, तथा शाहीनाका की विशालकार सवारियां जनाकर्षण का केंद्र थी। वाहनों पर लंगर तकसीम किया जा रहा था। गढ़ा बाजार मे हिंदू धर्मावलंबियो ने सवारियों का स्वागत किया तथा भावभीनी विदाई दी। त्रिपुरी चौक, होते हुए जुलूस सूपाताल कर्बला पहुँचा। कर्बला मे बासित अली कादरी, सैय्यद कादिर अली, इनायत अली ने हज़रत इमाम आली मुकाम के हुजूर में सलाम पेश किया।

# रिमझिम फुहारों के बीच श्रीमती पूनम ठाकुर अध्यक्ष बनी श्रीमती श्रद्धा चौकसे उपाध्यक्ष





**गोटेगांव, यशभारत।** विगत दिवस संपन्न हुई नगरीय निकाय चुनाव में गोटेगांव नगर पालिका परिषद में रिमझिम फुहारों के बीच श्रीमती पूनम जितेंद्र ठाकुर को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया है एवं श्रीमती श्रद्धा पंकज चौकसे को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया इस अवसर पर अनुविभागीय दंडाधिकारी गोटेगांव श्रीमती निधि सिंह गोहल, तहसीलदार पंकज मिश्रा मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री साक्षी बाजपेई सी एम राइज उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य संजीव कुमार नाहर इंजीनियर सौहार्द मात्रे पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष पंडित जितेंद्र चौबे सहित नगर के सभी पार्षद एवं समाजसेवी पंकज चौकसे, भाजपा नेता राजकुमार जैन पंडित संतोष दुबे बी डी सोनी पंकज जैन शायद वह जापानी था एवं नगर पालिका परिषद गोटेगांव के सभी कर्मचारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती पूनम जितेंद्र ठाकुर एवं उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा पंकज चौकसे को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई गई।

# शहादत का पर्व मोहर्रम सानंद संपन्न



पनागर, यशभारत। भोमें आशूरा दसवीं मोहर्रम को शहादत का पर्व मुहर्रम बड़ी शान शौकत अमन-चैन भाईचारे के साथ संपन्न हुआ जिसमें नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन,शरद खजांची पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, बाबू खान पूर्व पार्षद,उपाध्यक्ष महेंद्र चक्रवर्ती,आनंद जैन,नितिन गौतम,प्रदीप नायक,तुलसी राम कुशवाहा,संजय श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव,जलील खान, मंजूर अली,अहमद खान,हैदर अली,नासिर खा,नसीम बाबा, हनीफ खा,रहीम बैग इस्लाम, करीम खान,गुलाम गोस,अल्फाज अहफाज अली,निजाम खान, सिद्दिक आली निसार वेग असलम खा जावेद खा स्वप्निल ठाकुर रोशन तिवारी पार्षद रोहित यादव बेड़ी लाल कुशवाहा टिक्कू बहादुर राय छोटू नामदेव आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे सहादत का पर्व मोहर्रम ताजिया विसर्जन के साथ ही समाप्त हो गया है मोहर्रम के अंतिम दिन शहर के विभिन्न स्थानों सहित पनागर के पठानी मोहल्ले मेन रोड से ताजिया जुलूस निकाला गया मेन रोड से शुरू होकर कमानिया गेट से होते हुए बलेहा तालाब करबला पहुंचा और वहां पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ताजिया ठंडा किया ताजिया जुलूस के दौरान पुलिस व्यवस्था की चाक-चौबंद रही जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल सीएसपी प्रियंका,तहसीलदार मुनव्वर खान नायब तहसीलदार सारिका रावत,थाना प्रभारी आर.के सोनी के साथ प्रशासन के सभी अधिकारी भी साथ थे।

कर्मचारी जगत

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए लोकसेवक लामबंद

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलन की तैयारी

जबलपुर ।पुरानी पेंशन बहाली के लिए लोकसेवक लामबंद होकर आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने ए बताया कि पेंशन लोकसेवक का चाहे वह अधिकारी हो या कर्मचारी उसका मौलिक अधिकार माना जाना चाहिए। वर्तमान मैं अंशदायी पेंशन योजना लोकसेवक के स्वपनों पर कुठाराघात है। बढ़ती महंगाई में जब आज जीवकोपार्जन हेतु वेतन कम प ? जाता है तो विचारणीय पहलू है कि सेवानिर्वती के पश्चात लोकसेवक इस नई पेंशन योजना के दुष्परिणाम का शिकार हो जायेगा। सेवा अवधि मैं अधिकारी -कर्मचारी पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करता है तो सरकार का भी फर्ज बनता है कि वो अधिकारीयों -कर्मचारियों के विश्वास को ना तोड़े ना ही उन्हें अंधकार मैं धकेले क्योंकि पेंशन लोकसेवक के बुढ़ापे का सहारा है। अब संघ ने पुरानी पेंशन बहाली हेतु आंदोलन की राह पक ? ली है और लोकसेवक लामबंद होने लगे है। लगातार प्रयासों के बाद भी लोकसेवक की मूलभूत जायज मांग पुरानी पेंशन बहाली नहीं मानने के कारण नई रणनीति के साथ आंदोलन तय है। संघ के स्टेनली नॉर्बट,दिलीप सिंह ठाकुर,दिनेश गौड़,हेमन्त ठाकरे,राकेश श्रीवास, राजकुमार यादव,शरीफ अंसारी, सुधीर अवधिया, सुधीर पावेल, रॉबर्ट फ्रांसिस, रवि जैन, उमेश ठाकुर, दिनेष बिसेन, सुनील झारिया, आदि ने अन्य सभी साथियों तथा संगठनों से पुन: चर्चा के उपरांत शीघ्र ही आंदोलन की तिथि निर्धारित करने का निर्णय लिया है।

कोरोना योद्धाओं की नहीं हुई पदोन्नाति .

जबलपुर। मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने कहा कि कोरोना योद्धाओं की पदोन्नाति नहीं की गई। स्वास्थ्य विभाग के कोरोना योद्धा कहे जाने वाले एमपीडब्ल्यू एएनएम सुपरवाइजर, एलएचवी, लैब टेक्नीशियन , फार्मासिस्ट कंपाउंडर, मलेरिया निरीक्षकों और बीईई की पदोन्नाति की लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। कोरोना योद्धा अपने मूलपद पर लगभग 20 वर्षों से कार्य कर रहे हैं और उन्हें एक भी पदोन्नाति का लाभ आज तक नहीं मिला है। जबकि पदोन्नाति से शासन को किसी भी प्रकार का वित्तीय भार भी नहीं आयेगा। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को अन्य विभागों के कर्मचारियों से समकक्ष योग्यता रखने के बावजूद कम वेतन प्राप्त हो रहा है। वर्षों से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की वेतन विसंगति का निराकरण लंबित है। कोरोना योद्धाओं ने कोरोना काल में लगातार 24 घंटे अपनी सेवायें देकर जनहिताय कार्य किया है।

# आदिवासी संस्कृति हमारी धरोहर है इसे संजोए रखें

## खमरिया और व्हीएफजे में मनाया विश्व आदिवासी दिवस



**जबलपुर यशभारत**।विश्व आदिवासी दिवस पर आयुध निर्माणी खमरिया और व्हीएफजे में कार्यक्रम आयोजित किए गए।खमरिया के औद्योगिक केंटीन हाल में महाप्रबंधक एस के सिन्हा और व्हीएफजे के सामूदायिक भवन में महाप्रबंधक ए के बापट के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुए।इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि आदिवासी संस्कृति हमारी धरोहर है इसे संजोकर रखें यह हमारे गौरवशाली अतीत से अवगत कराती है।ओएफके में मुख्य अतिथि एस के सिन्हा के साथ अतिथिगण पास्कल इक्का जे पी मीणा राजीव सिंह आदि का स्वागत शशिभूषण पासवान हरिहर मीणा विजय सिंह सीताराम सिलावट प्रमोद उइके मदन रोहतास अजित सोरेन दिलखुश मीणा तेजभान मरावी अजय शाक्य राजेंद्र मीणा आदि ने किया।व्हीएफजे मे मुख्य अतिथि अतुल बापट के साथ एम के मौर्या संतोष कुमार आर के पासी का स्वागत राष्ट्रीय महासचिव प्यारे लाल दिवाकर राजकुमार गोंटिया प्रहलाद सिंह उइके रामचंद्र मांझी मुकेश भट्टी मनोज मरावी राकेश मार्को श्याम जी आदि ने किया।इस मौके पर आदिवासी संस्कृति से सरोबार कार्यक्रम हुए।

# 55 लाख रुपए से बनेगा नया विद्यालय ग्राम झिरिया में

**कुंडम, यशभारत।** विधायक नंदनी मरावी ने किया भूमि पूजन कुंडम जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत झिरिया मैं माध्यमिक विद्यालय स्कूल भवन ना होने से छात्र-छात्राएं स्कूल के बाहर बिना भवन के टेंट लगाकर पढ़ाई करते थे जिससे छात्र छात्राओं को एवं शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था ग्राम झिरिया के लोगों ने विधायक नंदनी मरावी से मांग की कि हमारे बच्चे बिना स्कूल भवन के पढ़ाई करते हैं और धूप में बारिश में बाहर बैठकर पढ़ते हैं इन सब को देखते हुए विधायक के अधिक प्रयासों से आज ग्राम झिरिया में 55 लाख रुपए की स्वीकृति कराई गई विधायक ने कहा मेरे बेटा बेटियों के लिए मैं मध्य प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान से कहकर नवीन भवन के लिए राशि दिल आऊंगी वह राशि आज स्वीकृत हो गई जिसका भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया भूमि पूजन में जिला पंचायत नवनिर्वाचित अध्यक्ष संतोष बडकरें नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष सुरेंद्र धुर्वे विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू सांसद प्रतिनिधि सतीश अवस्थी एसडीएम तहसीलदार मंडल अध्यक्ष राजेश साहू नरपत कुशराम ग्राम पंचायत झिरिया के सरपंच सुशील पांडे संस्था के प्राचार्य महोदय एस.एस श्याम रमेश विश्वकर्मा भारत सिंह कुलस्ते एवं समस्त ग्रामवासी और स्कूल स्टाफ के लोग उपस्थित थे!

## विक्टोरिया में अस्पताल प्रबंधन को लेकर बैठक संपन्न

जबलपुर , यशभारत। कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में अस्पताल प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें डॉ. संजय मिश्रा सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने जिला अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों के समुचित प्रबंधन पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। अस्पतालों के निरीक्षण से प्राप्त रिपोर्ट पर एक-एक अस्पताल के बारे में विस्तृत समीक्षा की गई और जो- जो कमियां मिली उन्हें तत्काल दूर करने को कहा। साथ ही नगर निगम क्षेत्र के अस्पतालों के निरीक्षण के लिये फायर व इलेक्ट्रिकल आडिट टीम को निर्देशित किया गया कि चिन्हित अस्पतालों का निरीक्षण बारीकी से करें ।

## पंकज सिंह , हरीश प्रताप सिंह को पीएचडी की उपाधी





जबलपुर,यशभारत। स्नातकोत्तर हिंदी एवं भाषाविज्ञान विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ,जबलपुर ,के शोध छात्र पंकज सिंह को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई । आपने अपना शोध कार्य डॉ. अरुण शुक्ल, प्रोफ़ेसर हिंदी विभाग , शासकीय स्वशासी महाकोशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ,जबलपुर ,के निर्देशन में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में नरेंद्र कोहली के उपन्यासों का मिथकीय अनुशीलनज्ज शीर्षक पर पूर्ण किया। आप अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं गुरुजनों को देते हैं। पंकज सिंह की इस उपलब्धि पर सभी साथियों ने ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसी तरह से स्नातकोत्तर हिंदी एवं भाषाविज्ञान विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ,जबलपुर ,के शोधार्थी हरीश प्रताप सिंह को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई । आपने अपना शोध कार्य डॉ. माधुरी गर्ग , प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी, जबलपुर,के निर्देशन में रामचरितमानस का शास्त्रीय विश्लेषण शीर्षक पर पूर्ण किया। आप अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं गुरुजनों को देते हैं। हरीश प्रताप सिंह की इस उपलब्धि पर सभी साथियों ने ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# विशाल इनामी दंगल प्रतियोगिता 12 अगस्त को

**कुंडम, यशभारत।** सनी स्पोर्टिंग क्लब बघराजी के द्वारा लगातार क्रिकेट वॉलीबॉल दंगल का आयोजन वर्षों से किया जा रहा है सनी स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष राजेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि महानीमन स्टेडियम बघराजी में महिला एवं पुरुष का इनामी दंगल दोपहर 2 बजे से शुरू किया जाएगा भारतीय अखाड़ा पद्धति किस कुश्ती में कोई भी पहलवान भाग ले सकता है इस प्रतियोगिता में जबलपुर एवं अन्य शहरों के नामी-गिरामी पहलवानों ने भाग लेने की सहमति दी है।प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी विशाल दंगल का आयोजन दंगल सनी स्पोर्टिंग क्लब बघराजी के द्वारा किया जा रहा है। दंगल के माध्यम से पहलवानों में छुपी हुई प्रतिभा को बाहर निकालने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में प्रतिभा की कमी नहीं है, केवल उन्हें तलाशने की जरूरत है, जिसके चलते इस वर्ष भी 12 अगस्त को दोपहर दो बजे दंगल का आयोजित किया जाएगा।इस प्रतियोगिता को व्यवस्थित रुप से संपन्न कराने के लिए शनि स्पोर्टिंग क्लब के सचिव विनीत साहू कोषाध्यक्ष महेंद्र विश्वकर्मा उपाध्यक्ष रजनीश विश्वकर्मा पं. सौरभ द्विवेदी मुकेश बर्मन धर्मेंद्र जायसवाल राजकुमार विश्वकर्मा अनिल विश्वकर्मा धर्मेंद्र जयसवाल गुड्डू रामकृष्ण पटेल मोनू पटेल नीरज पटेल विकास जायसवाल जीतू पटेल अरुण साहू सहित क्लब के सभी साथियों ने इस भव्य आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है।

# खमरिया परिसर में निकाली गई तिरंगा यात्रा



जबलपुर यशभारत।7 5 में अमृत महोत्सव के उपलक्ष में आयुध निर्माणी खमरिया म्यूनिशन इंडिया लिमिटेड के तहत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर द्वारा 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों के घरों में ध्वजारोहण हेतु संकल्प लिया गया। इसी क्रम में निर्माणी के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद नुक्कड़ नाटक के माध्यम से निर्माणी एवं स्टेट परिसर में स्वच्छता के कार्यक्रम किए जा रहे थे ।इस मौके पर खमरिया प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों को 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज अपने-अपने घरों में लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

# रक्षा संकल्प, रक्षा सूत्र बंधन और भुजरिया देकर पर्यटकों को देंगे सुरक्षा आश्वासन

## संकल्प-सुरक्षित पर्यटन अभियान आज से

जबलपुर,यशभारत। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया है कि प्रदेश के पर्यटन स्थलों में महिला पर्यटकों के मन में और भी अधिक सुरक्षा और सहजता का भाव विकसित करने इस रक्षाबंधन संकल्प-सुरक्षित पर्यटन काज्ज अभियान चलाया जायेगा। रक्षाबंधन पर्व पर आज से 25 अगस्त 2022 तक पर्यटकों के मन में प्रदेश के सांस्कृतिक और सामाजिक पर्वों एवं परंपराओं से अपनेपन और सुरक्षा का भाव पैदा किया जायेगा। इसमें पर्यटक रक्षा संकल्प के साथ स्थानीय महिलाओं और पर्यटकों द्वारा सेवा-प्रदाताओं को रक्षा-सूत्र बंधन, भुजरिया पर्व में भुजरिया देकर सुरक्षा-आश्वासन और होटलों में सावन के झूले लगाने जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ होंगी।पर्यटकों को च्परियोजनाज सहयोग संस्था द्वारा भारतीय संस्कृति की विविधता और पर्वों का सही अर्थ बताया जायेगा। जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति संवर्धन परिषद् द्वारा स्वयंसेवी संस्थाएँ, पर्यटन उद्यम से जुड़े व्यक्ति और संस्थाओं के सहयोग से गतिविधियाँ संचालित होंगी। रेडियो और सोशल मीडिया से प्रदेशवासियों को सुरक्षित पर्यटन स्थल को लेकर संकल्प दिलाया जायेगा।

# इंटिग्रा एस्सेन्टिया लिमिटेड ने 21,000 मीट्रिक टन क्षमता के साथ चावल के निर्यात की प्रॉसेस्ड सुविधा का अधिग्रहण किया

**एजेंसी।** इंटिग्रा एस्सेन्टिया लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के बरेली में स्थित चावल प्रॉसेस्ड सुविधा का अधिग्रहण किया। चावल प्रॉसेस्ड इकाई को कंपनी के मौजूदा व्यापार पोर्टफोलियो के लिए एक वर्तमान चिंता के रूप में अधिग्रहित किया गया है। इंटिग्रा एस्सेन्टिया लिमिटेड की अधिग्रहित इकाई में 66त्न हिस्सेदारी होगी, यह सुविधा 4500 वर्ग मीटर में फैली हुई है और घरेलू और निर्यात बाजारों के लिए प्रीमियम चावल का उत्पादन करने के लिए सभी आवश्यक लाइसेंस और प्रमाणन के साथ पहले से ही जारी है।

इस सुविधा में 21000 मैट्रिक टन निर्यात गुणवत्ता वाले चावल का उत्पादन करने की वार्षिक क्षमता के साथ जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका के अत्याधुनिक उपकरण शामिल हैं। इंटिग्रा चावल में इस प्रॉसेस्ड सुविधा के साथ अपने व्यवसाय के लिए संसाधित चावल की सोर्सिंग कर रहा है, इंटिग्रा का बेहतर अर्थव्यवस्थाओं के साथ गुणवत्ता पर अच्छा नियंत्रण होगा और वह निर्यात में घातीय (एक्सपोनेंशियल) क्षमता का दोहन करने के लिए एक मज़बूत स्थिति में होगा।

भारत 21.5 मिलियन टन चावल निर्यात के साथ दुनिया भर में चावल का सबसे बड़ा निर्यातक है, जो संयुक्त रूप से अगले सबसे बड़े 4 निर्यातक देशों से बड़ा है और लगभग 120 मिलियन टन के वार्षिक चावल उत्पादन के साथ विश्व स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा चावल उत्पादक है, जबकि उत्तर प्रदेश भारत में दूसरा सबसे बड़ा चावल उत्पादक राज्य है जो वार्षिक 15.60 मिलियन टन उत्पादन करता है, बरेली उत्तर प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा चावल उत्पादक जिला है, जो इसे इकाई के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है।

# बचत और बचाव के दोहरे फायदे देने वाला अद्भुत उत्पाद जुड़वा जी

## तना छेदक और कैटरपिलर जैसे कीटों से पौधों का बचाव करे

**इंदौर, एजेंसी।** सल्फर मिल्स लिमिटेड ने हाल ही में अपने पेटेंट कीटनाशक 'जुड़वा जी' को मध्य प्रदेश में लॉन्च किया। इस अवसर पर सल्फर मिल्स लिमिटेड के प्रबंध-निदेशक श्री बिमल शाह ने बताया कि, जुड़वा जी विश्व का पहला ड्राई कैप टेक्नोलॉजी पर आधारित कीटनाशक है, जिसके सभी एक्टिव रसायन एक पॉलीमर कैप्सूल के अंदर सुरक्षित रहते हैं। यह रसायन पौधों की पत्तियों पर उचित समय और उचित मात्रा में पहुचते है, जिससे कि पौधों को कीटों से सुरक्षित रखा जा सके। इस तरह जुड़वा जी पौधों का तना छेदक और कैटरपिलर जैसे कीटों से नियंत्रण करता है।श्री बिमल शाह ने बताया कि जुड़वा जी एक अद्वितीय संकल्पना है, जिसमें कंपनी की पेटेंट की हुई ड्राई कैप टेक्नोलॉजी दो अलग-अलग कृषिरसायनों के एक साथ छिडकाव को संभव बनाती है। इसके उपयोग से बाजार में उपलब्ध अधिक ज़हरीले तरल फॉर्मूलेशन के उपयोग को कम किया जा सकता है, जो कि ज्यादा हानिकारक होते हैं।जुड़वा जी अलग-अलग प्रकार के कीटों और अलग अलग प्रकार की फसलों पर कारगर है जिसमें धान, कपास, मूंगफली, गन्ना, सोयाबीन के साथ-साथ टमाटर, गोभी, मिर्ची और प्याज की फसलें भी शामिल है। जुड़वा जी पानी में घुलने वाला कीटनाशक है, जिसे 270- 300 ग्राम प्रति एकड़ के हिसाब से पानी में घोलकर पौधों पर छिडकाव किया जा सकता है। यह पौधे की पूरी सतह पर बराबर मात्रा में फैलता है और बहुत जल्दी कीटों का नियंत्रण करता है।जुड़वा जी सुगंधहीन है और ड्राई कैप टेक्नोलॉजी के कारण छिड़काव के समय कम से कम मात्रा में पौधों को लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है। और साथ - साथ जुड़वा जी का मिट्टी और पर्यावरण पर कोई दुष्परिणाम भी नहीं होता है। जुड़वा जी का उपयोग नियमित मात्रा में और सही समय पर किया जाना जरूरी है जिससे ज्यादा से ज्यादा फायदा लिया जा सके।

# सिवनी और उमरिया नगर पालिका में कांग्रेस अध्यक्ष चुने गए

**जबलपुर यशभारत** । जबलपुर के आसपास के जिलों में नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष के लिए चुनाव कराए गए। इसमें सिवनी नगर पालिका में कांग्रेस और उमरिया नगर पालिक में भी कांग्रेस ने कब्जा जमाया है। सिवनी नगर पालिका अध्यक्ष पद पर कांग्रेस का कब्जा। छह बार से लगातार पार्षद चुनाव जीतते आ रहे कांग्रेस पार्षद सफीक खान उर्फ सफीक पार्षद को 2 वोटों से मिली जीत। भाजपा के ज्ञानचंद सनोडिया को 11 वोट मिले। जबकि कांग्रेस के सफीक खान ने 13 वोटों के साथ अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया है। उमरिया नगर पालिका में कांग्रेस की रश्मि सिंह ने अध्यक्ष का पद जीता। कांग्रेस को 13 और भाजपा को 11 मत मिले। गोटेगांव नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पूनम ठाकुर एवं उपाध्यक्ष श्रद्धा चोकसे निर्विरोध निर्वाचित। करेली नगर पालिका अध्यक्ष के लिए मतदान में सुशीला ममार की जीत। ममार को 8 व ज्योति गौतम जैन को 7 मत मिले। ममार पूर्व में भी अध्यक्ष रह चुंकि हैं। यंहा भाजपा के ही 15 पार्षद प्रत्याशी थे। लेकिन सहमति न बनने से भाजपा में ही दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे।

# एमएस धोनी ने 2 चीजों से कभी नहीं किया समझौता



## पूर्व फील्डिंग कोच का खुलासा

**नई दिल्ली,,एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी भारतीय क्रिकेट की बेहतरी के लिए किए गए बदलावों के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कप्तान के तौर पर टीम को सर्वोपरि रखा। धोनी ने 2007 में भारतीय टीम के कप्तान के रूप में पदभार संभाला और तब से भारतीय क्रिकेट ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनके नेतृत्व में भारत ने आईसीसी की तीनों बड़ी ट्राफियां - टी20 विश्व कप, 50 ओवर का विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीती। उन्होंने भारत को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक तक पहुंचाया। एमएस धोनी ने कई साहसिक और दुस्साहसिक निर्णय लिए, कुछ ऐसे फैसले जिन्होंने भारतीय क्रिकेट के परिदृश्य को पूरी तरह से बदल दिया। उन्होंने रोहित शर्मा को एकदिवसीय मैचों में ओपन कराया और अपने पहले कुछ टेस्ट में विफलताओं के बावजूद विराट कोहली का सपोर्ट किया।

हम सभी जानते हैं कि धोनी के ये फैसले कैसे साबित हुए। वहीं, टीम इंडिया के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर ने बताया है कि एमएस धोनी ने दो चीजों से कभी समझौता नहीं किया और न ही करने दिया।

सालों तक भारतीय क्रिकेट बल्लेबाजी और गेंदबाजी के ले जानी जाती थी, लेकिन धोनी के नेतृत्व में फील्डिंग और फिटनेस को समान रूप से ध्यान और महत्व मिलने लगा। भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर, जो 2014 में टीम का हिस्सा बने थे, जब धोनी कप्तान थे। उन्होंने याद करते हुए बताया है कि कैसे भारत के पूर्व कप्तान ने यह स्पष्ट कर दिया था कि उनके लिए दो ऐसे क्षेत्र हैं, जहां शालीनता के लिए कोई जगह नहीं थी। क्रिकेट डॉट कॉम से बात करते हुए श्रीधर ने बताया, च्एमएस जब वह कप्तान थे, तो उन्होंने फील्डिंग का नेतृत्व किया। इसके अलावा विकेट के बीच दौड़ना मेरे लिए आंख खोलने वाला था। एमएस ने कहा कि च्दो चीजें जो मेरे लिए समझौता करन वाली नहीं हैं, वह हैं फील्डिंग और विकेट के बीच दौड़नाज्। और यह कुछ ऐसा है जो अभी भी सच है। जिस तरह से उन्होंने फील्डिंग पर जोर दिया, विराट ने उसे आगे बढ़ाया। रवि ने हमेशा कहा कि 11 सर्वश्रेष्ठ फील्डर खेलेंगे। उन्होंने आगे कहा, च्मैंने कुछ बेहतरीन फील्डिंग सेशन उमेश यादव, मोहम्मद सिराज और मोहित शर्मा के साथ बिताए हैं, जो एक तेज गेंदबाज होने के नाते एक महान फील्डर भी थे। इसके अलावा विराट कोहली, रविंद्र जडेजा और मनीष पांडे जैसे खिलाड़ियों को आपने देखा होगा और उनकी फील्डिंग का आनंद लिया होगा। चहल, कुलदीप और केदार जैसे लोग ही हैं, जिन्होंने अपने कौशल पर वास्तव में कड़ी मेहनत की है। मुझे उन लोगों के साथ काम करने में बहुत मजा आया।।

# सौरव गांगुली के ट्वीट पर मचा बवाल महिला टीम की क्लास भी लगायी

**नई दिल्ली ,एजेंसी। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को लेकर किए गए अपने एक ट्वीट के चलते विवादों में घिरते हुए नजर आ रहे हैं। गांगुली ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों 2022 के फाइनल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार के बाद एक ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने टीम की क्लास भी लगाई थी।**



कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 महिला क्रिकेट को इस बार शामिल किया गया था, जिसमें टीम इंडिया को गोल्ड मेडल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी ओवर में 9 रनों से हार का सामना करना पड़ा। गांगुली ने इसके बाद भारतीय टीम को सिल्वर मेडल के लिए बधाई तो दी, लेकिन उनके ट्वीट में हार की टीस भी साफ नजर आई। गांगुली के इस ट्वीट के बाद अब क्रिकेट फैंस ने उनकी ही क्लास लगानी शुरू कर दी है।

पूर्व कप्तान गांगुली ने ट्विटर पर लिखा था, च्भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सिल्वर मेडल के लिए बधाई... लेकिन वह स्वदेश निराश लौटेंगी, क्योंकि यह मैच पूरी तरह से उनका था।ज्ज गांगुली के इस ट्वीट के बाद दर्शकों ने पूर्व कप्तान को आड़ें हाथों लेना शुरू कर दिया और साथ ही उन्हे जमकर ट्रोल भी किया। एक यूजर ने लिखा, च्उन्हें निराश नहीं होना चाहिए। उन्हें सिल्वर मेडल पर गर्व करना चाहिए।ज्ज एक अन्य यूजर ने लिखा, च्इस आदमी को शर्म आनी चाहिए। ये दुनिया के सबसे शक्तिशाली बोर्ड का अध्यक्ष है।

162 रनों के लक्ष्य का सामना करते हुए भारत ने 2.4 ओवर में 22 रनों तक स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा दोनों के विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रॉड्रिगुएज ने मिलकर स्कोर को 118 रनों तक पहुंचाया। जेमिमा मेगन शूट की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुई। इसके बाद भारत ने लगातार विकेट पर विकेट गंवाए। हरमनप्रीत कौर भी दबाव में गैरजरूरी शॉट खेलकर आउट हुईं।

भारतीय महिला टीम ने इस मैच में जबर्दस्त गेंदबाजी और फील्डिंग की, लेकिन बैटर्स ने जिस तरह से आखिरी ओवरों में हथियार डाले, वह देखना दुखद था। भारत और ऑस्ट्रेलिया में जो सबसे बड़ा फर्क नजर आया, वह दबाव झेलने का था। ऑस्ट्रेलिया मैच में पिछड़ने के बावजूद आखिरी दम तक लड़ी और फिर जीत दर्ज कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

# ट्रेंट बोल्ट न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर, क्या रिटायरमेंट लेगा ये गेंदबाज?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने ट्रेंट बोल्ट को अपने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से मुक्त करने पर सहमति व्यक्त की है। न्यूजीलैंड के केंद्रीय अनुबंध से बाहर होन के बाद कहा जा रहा है कि वे रिटायरमेंट ले सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं हैं। फिलहाल के लिए अनुभवी तेज गेंदबाज को अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने और दुनिया भर में टी20 लीग खेलने के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से दूरी बनाई है।

बोर्ड ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि इस फैसले का मतलब बोल्ट के शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत नहीं है। हालांकि, न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा है कि वे वर्तमान में अनुबंधित खिलाड़ियों को चयन में प्राथमिकता देंगे। 78 टेस्ट मैचों और 130 से अधिक व्हाइट-बॉल मैचों का अनुभव रखने वाले बोल्ट ने कहा कि आने वाले वर्षों में अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, च्यह मेरे लिए वास्तव में एक कठिन निर्णय रहा है और मैं एनजेडसी (न्यूजीलैंड क्रिकेट) को इस मुकाम तक पहुंचने में उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। अपने देश के लिए क्रिकेट खेलना बचपन का सपना था और पिछले 12 वर्षों में ब्लैक कैप्स के साथ जो कुछ भी हासिल किया है, उस पर मुझे बहुत गर्व है।ज्ज

आईसीसी के मुताबिक, ट्रेंट बोल्ट ने आगे अपने बयान में कहा, च्अंततः यह फैसला मेरी पत्नी गर्ट और हमारे तीन युवा लड़कों के बारे में है। परिवार हमेशा मेरे लिए सबसे बड़ा प्रेरक रहा है और मैं इसे सबसे पहले रखने और क्रिकेट के बाद खुद को जीवन देने के लिए तैयार करने में सहज महसूस करता हूं।ज्ज

बोल्ट वर्तमान में नंबर 1 ODI रैंक के गेंदबाज हैं। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने न्यूजीलैंड के लिए 93 मैचों में 169 विकेट लिए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कब खेलना शुरू करेंगे, यह देखा जाना बाकी है, लेकिन बोल्ट जानते हैं कि उनके निर्णय से भविष्य में अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए चुने जाने की संभावना कम हो जाएगी।

इस बारे में उनका कहना है, च्मुझे अभी भी अपने देश का प्रतिनिधित्व करने की बड़ी इच्छा है और मुझे लगता है कि मेरे पास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने का कौशल है। हालांकि, मैं इस तथ्य का सम्मान करता हूं कि राष्ट्रीय अनुबंध नहीं होने से मेरे चयन की संभावना प्रभावित होगी।



यह कहने के बाद, एक तेज गेंदबाज के रूप में मुझे पता है कि मेरा करियर सीमित है और मुझे लगता है कि इस अगले चरण में जाने का समय सही है।

# तेजस्वी प्रकाश और सारा अली खान को इस एक्ट्रेस ने दी मात, ड्रीम गर्ल 2 में आयुष्मान खुराना संग बनी जोड़ी!



मुंबई ,एजेंसी। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना का नाम उन चुनिंदा सितारों में शुमार है, जो अपनी फिल्मों से न सिर्फ एंटरटेनमेंट करते हैं बल्कि कोई न कोई मैसेज भी देते हैं। बीते कुछ सालों में आयुष्मान ने कई हिट फिल्में दी हैं, जिन्हें दर्शकों ने काफी पसंद किया है। ऐसे में अब 2019 में रिलीज हुई फिल्म ड्रीम गर्ल के सीक्वल ड्रीम गर्ल 2 को लेकर आयुष्मान चर्चा में हैं। पहले पार्ट में जहां नुसरत भरूचा नजर आई थीं तो वहीं दूसरे पार्ट के लिए तेजस्वी प्रकाश और सारा अली खान का नाम सामने आया। हालांकि लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक एक दूसरी एक्ट्रेस ने सारा और तेजस्वी को मात दी है और फिल्म अब उनके खाते में आ गई है।

### अनन्या पांडे ने बाजी मारी

पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक ड्रीम गर्ल में तेजस्वी प्रकाश या फिर सारा अली खान नहीं बल्कि अनन्या पांडे नजर आएंगी। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और एक्ट्रेस और फिल्म के मेकर्स ने इस पर कुछ भी नहीं कहा है। इस न्यूज के सामने आने से फैन्स काफी खुश हैं और पहली बार अनन्या पांडे और आयुष्मान खुराना को साथ देखना फैन्स के लिए काफी एक्साइटिंग होगा।

### लाइगर में बिजी अनन्या पांडे

बता दें कि इन दिनों अनन्या पांडे अपनी अपकमिंग फिल्म लाइगर का जमकर प्रमोशन कर रही हैं। फिल्म में अनन्या के साथ विजय देवरकोंडा नजर आ रहे हैं। अनन्या और विजय, देश के अलग अलग हिस्सों में जाकर फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। प्रमोशन के कई फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर काफी शेयर भी किए गए हैं। इस फिल्म में विजय और अनन्या के साथ ही माइक टायसन भी नजर आएंगे। 25 अगस्त को रिलीज होने वाली लाइगर, हिंदी के साथ ही तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में भी रिलीज होगी

### अनन्या के प्रोजेक्ट्स

गौरतलब है कि अनन्या पांडे ने फिल्म च्स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2ज् से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इसके बाद अनन्या पांडे कार्तिक और भूमि के साथ फिल्म च्पति पत्नी और वोज् में नजर आईं। वहीं आखिरी बार वो ईशान खट्टर के साथ फिल्म च्खाली पीलीज् में दिखी थीं। जल्दी ही अनन्या, विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म लाइगर में नजर आएंगी। लाइगर के अलावा अनन्या पांडे, च्खो गए हम कहांज् में भी जलवा बिखेरती नजर आएंगी।

### तेजस्वी का डेब्यू

बता दें कि इससे पहले ऐसी खबरें सामने आ रही थीं कि आयुष्मान खुराना संग फिल्म ड्रीम गर्ल 2 से तेजस्वी प्रकाश बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। इस न्यूज से तेजस्वी के फैन्स काफी खुश थे, क्योंकि इससे अच्छा बॉलीवुड डेब्यू और क्या ही हो सकता था। हालांकि उस वक्त भी इस खबर की पुष्टि नहीं हुई थी। तेजस्वी के बाद सारा अली खान का नाम सामने आया था, लेकिन ऐसा लगता है कि अब बाजी अनन्या पांडे ने मार ली है। वैसे फिर बता दें कि ये भी अभी तक इसका भी ऑफिशियल ऐलान नहीं हुआ है।

# अक्षय की रक्षा बंधन या आमिर खान स्टारर लाल सिंह चड्ढा ही नहीं, इस वीकेंड ये वेब सीरीज भी कर सकते हैं एन्जॉय




मुंबई , एजेंसी। ,ह्लह्वद्दह्वह्यह्लद्ध( अगस्त का महीना चल रहा है और इस महीने भी सिनेमा लवर्स के लिए काफी कुछ देखने को मिलेगा। वैसे तो पूरे महीने का सिनेमाई कैलेंडर हम आपको पहले ही बता चुके हैं, लेकिन उसे तारीख के हिसाब से याद रखना कई बार आसान नहीं होता है। ऐसे में आपको इस रिपोर्ट में बताते हैं कि इस वीकेंड आपके पास क्या क्या ऑप्शन रहेगा। वैसे आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा और अक्षय कुमार की रक्षा बंधन की तो हर ओर चर्चा है, लेकिन इसके अलावा भी कुछ और ऑप्शन्स हैं, जो आप एन्जॉय कर सकते हैं। लॉक एंड की 3ः एक हवेली है, जिस में कई सारी चाबियां हैं और ये चाबियां आम नहीं बल्कि जादुई हैं। हालांकि हर चाबी के लिए आपको दरवाजा चाहिए और फिर दिखता है इनका जादू। किसी चाबी से आप दुनिया की किसी भी जगह पहुंच सकते हैं, तो किसी चाबी से शरीर छोड़कर आत्मा बाहर जा सकती है। च्लॉक एंड कीज् के दो सीजन अभी तक रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें दर्शकों ने काफी पसंद किया और तीसरे सीजन का इंतजार किया। ऐसे में लॉक एंड की 3 का तीसरा सीजन 10 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गया है। जिस में एक बार फिर काफी ट्विस्ट एंड टर्न्स आपको नजर आएंगे। आई एम ग्रूटः हो सकता है कि आम लोग इस बारे में न जानते हों लेकिन मार्वल फैन्स को च्आई एम ग्रूटज् का बेसब्री से इंतजार था। मार्वल सीरीज की फिल्म च्गार्जियन ऑफ द गैलेक्सीज् का किरदार ग्रूट काफी अलग और क्यूट है। ग्रूट सिर्फ एक ही बात कहता है और वो है- च्आई एम ग्रूट।ज्ज जब मार्वल ने कुछ वक्त पहले अपने किरदारों और यूनिवर्स को और आगे बढ़ाने का फैसला किया था तो उन नामों में एक नाम ग्रूट का भी था। इस सीरीज में ग्रूट के किरदार के बारे में अधिक बातें सामने आएंगी। बता दें कि च्आई एम ग्रूटज्, 10 अगस्त को डिज्नी प्लस हॉटस्टार रिलीज हो गया है।






**इंडियन मैच मेकिंग 2ः** इंडियन मैच मेकिंग की सक्सेस के बाद इसका दूसरा सीजन भी लौट आया है। 10 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर इंडियन मैच मेकिंग 2 रिलीज हो गया है। बता दें कि ये शो अरेंज मैरिज पर आधारित है। इस शो के पहले सीजन को एक ओर जहां काफी पसंद किया गया थो दूसरी ओर इसको लेकर कुछ विवाद भी देखने को मिले थे। इस शो की शुरुआत च्सीमा आंटीज् से हुई थी।शो की मशहूर लाइन, च्हैलो, आई एम सिमा टपरिया फ्रॉम मुंबई,ज्ज शो के रिलीज होने के बाद से ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी।

रक्षा बंधनः 11 अगस्त को एक ओर जहां आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा रिलीज होगी तो दूसरी ओर अक्षय कुमार की फिल्म रक्षा बंधन रिलीज होगी। रक्षा बंधन का निर्देशन आनंद एल राय ने किया है। फिल्म की कहानी एक भाई और उसकी चार बहनों की है। वहीं फिल्म में भूमि पेडनेकर भी अहम किरदार में नजर आएंगी। फिल्म को सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है।

**नेवर हैव आई एवर 3ः** नेटफ्लिक्स की सीरीज नेवर हैव आई एवर कुछ हाई स्कूल किड्स की कहानी है, जिसका तीसरा सीजन 12 अगस्त को रिलीज होगा। इस सीरीज में कॉमेडी है, इमोशन है और टीनएज प्रॉब्लम्स भी हैं। तीसरे सीजन में देवी और पैक्सटन ने रिलेशनशिप को ऑफिशियल कर दिया है और इसके बाद क्या कुछ होता है ये आपको सीरीज में देखने को मिलेगा।



**लाल सिंह चड्ढाः** लाल सिंह चड्ढा, हॉलीवुड अभिनेता टॉम हैंक्स (ञ्जशद्व ॥ड्डठ्ठद्मह्य) की फिल्म फॉरेस्ट गंप (स्नशह्म्द्गह्यह्ल त्रह्वद्वश्च) का इंडियन अडैप्शन है।ज्लाल सिंह चड्ढाज् में आमिर खान के साथ ही करीना कपूर खान, मोना सिंह और नागा चैतन्य भी हैं। लाल सिंह चड्ढा को देश में 100 स्थानों पर शूट किया गया है। वहीं आमिर खान ने फिल्म से जुड़ी बातचीत के दौरान बताया था कि उन्होंने इस फिल्म को अपने 12-14 साल दिए हैं। अद्वैत चंदन द्वारा निर्देशित लाल सिंह चड्ढा, 11 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होगी।

